तापमान

अधिकतम 35.2 डिग्री

न्यूनतम 18.1 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 2 मार्च 2025



सरकंडा थाने में जब्त कर रखे गए वाहन पड़े पड़े खराब हो रहे हैं।



## खबर संक्षेप

### वेंकटेश परिसर में मरीजों का निःशुल्क इलाज आज

**बिलासपुर।** सरकंडा सुभाष चौक स्थित वेंकटेश परिसर में रविवार 2 मार्च को मरीजों को निःशुल्क परामर्श और दवा दी जाएगी। मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. जीके मित्तल एवं डॉ. राजेश शुक्ला सुबह 10 से 12.30 बजे तक मरीजों को निःशुल्क परामर्श देंगे।

### छह दिवसीय एक्यूप्रेशर कैम्प आज से

**बिलासपुर।** बिलासा वरिष्ठ नागरिक मंच तथा ज्येष्ठ नागरिक संघ के संयुक्त तत्वावधान में बृहस्पति बाजार स्थित अनुभ अनुभव भवन में छह दिवसीय एक्यूप्रेशर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जो 2 से 7 मार्च तक चलेगा। कैम्प में राजस्थान से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा एक्यूप्रेशर तथा सुडोक पद्धति से विभिन्न रोगों का इलाज किया जावेगा। जिसका रजिस्ट्रेशन फीस 100/-एक सौ रुपए रखा गया। बाकी छह दिनों तक इलाज निःशुल्क रहेगा। कैम्प का उद्घाटन नगर के वरिष्ठ डॉक्टर विनोद तिवारी के कर कमलों द्वारा रविवार को प्रातः 9 बजे किया जावेगा। यह जानकारी बिलासा वरिष्ठ नागरिक मंच के पदाधिकारी राजेन्द्र अग्रवाल द्वारा दी गई ।

### जिपमैट के लिए आवेदन 10 मार्च तक

**बिलासपुर।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से ज्वाइंट इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट एडमिशन टेस्ट, जिपमैट के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। इसमें आवेदन की अंतिम तिथि 10 मार्च है। आवेदन में सुधार 13 मार्च से 15 मार्च तक कर सकेंगे। जिपमैट की परीक्षा 26 अप्रैल को होगी। इसकी परीक्षा कंप्यूटर आधारित होगी। जिसमें एमसीक्यू पैटर्न पर सवाल पूछे जाएंगे। परीक्षा ढ़ाई घंटे की होगी। जो दोपहर तीन बजे से शाम 5.30 बजे तक चलेगी।

### लोको पायलट व अन्य पदों पर भर्ती परीक्षा 19 से

**बिलासपुर।** रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा सहायक लोको पायलट और जेई, डीएमएस और सीएमए पदों पर भर्तियों की द्वितीय चरण कंप्यूटर आधारित परीक्षा 19 मार्च से शुरू की जाएगी। आरआरबी ने संभावित परीक्षा कार्यक्रम जारी किया। आरआरबी द्वारा पूर्व में इन दोनों परीक्षाओं के प्रथम चरण की परीक्षा आयोजित की जा चुकी है। अब सीबीटी सैकेंड 19 व 20 मार्च को संभावित है। प्रथम चरण सीबीटी के परिणामों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### परिवहन विभाग उड़नदस्ते की टीम बदली

**बिलासपुर।** मार्च का महीना करीब आते ही परिवहन विभाग में टैक्स और परमिट की वसूली के साथ ही ओवर लोड वाहनों पर कार्रवाई कर राजस्व बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। विभाग ने हाल ही में परिवहन विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों को इधर से उधर कर दिया गया है। विभाग ने बिलासपुर में पदस्थ उड़नदस्ते की टीम में फेरबदल कर दिया है। विभाग द्वारा अंबिकापुर के प्रभारी संतोष राठौर को बिलासपुर में उड़नदस्ते का प्रभारी बनाया है। इसके साथ ही निरीक्षक विष्णु ठाकुर की बिलासपुर में वापसी हो रही है, इससे पहले वे सकरी थाने में पदस्थ रहे है। परिवहन निरीक्षक नितिन सिंह, उपनिरीक्षक ओमकांत मिश्रा, उपनिरीक्षक भूषण ध्रुव, सहा उपनिरीक्षक उत्तम कुमार चंद्राकर, प्रधान आरक्षक जितेन्द्र कुमार पाटनवार, संत कुमार निराला, आरक्षक प्रीति राजपूत को बिलासपुर उड़नदस्ते में शामिल किया गया है।

## पौने दो लाख मतदाताओं की उम्मीदों पर खरा उतरने की होगी चुनौती

# 6 साल बाद भी 26 वार्डों की स्थिति ग्राम पंचायतों जैसी

**आज तक नहीं सुधरी सिरगिट्टी की हालत**



सिरगिट्टी की बात करें तो आवासपारा से मन्नाडोल तक जाने वाली 1300 मीटर लंबी डब्ल्यूबीएम सड़क पर दुपहिया वाहन चलाना भी कठिन है। रहवासियों ने बताया कि यह सड़क 18 साल से नहीं बनी हुई है। निगम सीमा में शामिल होने के बाद इस सड़क को बनाए जाने की बात कही गई थी, लेकिन यह भी अन्य घोषणाओं की तहत झूठ साबित हो गया है। इसी तरह क्षेत्र के महिमा नगर, आदर्श नगर के साथ अन्य क्षेत्र के अंदरूनी हिस्से का जायजा लेने पर पता चला कि नाली तो बनाई गई है लेकिन बन्नाक चौक से रेलवे फाटक तक की सड़क पर पक्की नाली आज तक नहीं बनाई गई है। ऐसे में घरों से निकलने वाला पानी क्षेत्र के जगह-जगह में डबरे का निर्माण करता है। इसका निराकरण आज तक नहीं हो सका है। सड़क, सफाई, पेयजल, सड़क की प्रकाश व्यवस्था, नाली आदि की व्यवस्था अब तक नहीं हो सकी है। वहीं, कुछ क्षेत्रों में निर्माण कार्य हुए हैं, लेकिन वे मानकों पर खरे नहीं उतर रहे।

**विकास की दौड़ में बेहद पिछड़ गया तिफरा**



निगम में शामिल तिफरा के नए वार्डों की हालत दयनीय हैं। नाली पानी जैसे मूलभूत आवश्यकताओं के लिए वार्ड वासी तरस रहे हैं। क्षेत्रों में तो पेयजल और नाली समस्या से हाहाकार मचा रहता है। तिफरा के काली मंदिर के आगे के अंदर की बस्तियों की हालत और खराब है। वार्डवासियों का कहना है कि नालियां बज बजा आ रही है, महीनों से सफाई ना होने से मच्छर गंदगी और बदबू से परेशान है। इसके लिए कई बार पार्षद, निगम अधिकारी से शिकायत की जांच चुकी है लेकिन लगता है निगम वार्ड को केवल शामिल करना जानता है, उसके बाद विकास, सुविधाओं की ओर ध्यान नहीं देता। वार्डवासियों का कहना है कि निगम को चाहिए कि पेयजल और नाली सड़क की साफ-सफाई की ओर ध्यान दे। हमे भी निगम की सुविधाओं का लाभ मिले। शाम होते ही क्षेत्र के आधे से ज्यादा सड़कों पर अंधेरा छाया रहता है। किसी जगह लाइट जल रही है तो वह किस्मत की बात है। ऐसे में मुख्य मार्ग से लेकर एप्रोच मार्ग तक में अंधेरा छाया रहता है।

### निगम में शामिल होने के बाद भी तरस रहे सुविधाओं के लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर सरकार पर काबिज भाजपा के सामने बिलासपुर को साफ सुंदर और विकसित बनाने की बड़ी चुनौती होगी। सबसे अधिक समस्या निगम में 6 साल पहले जुड़े नए क्षेत्रों की है। दरअसल नगर निगम द्वारा 2019 में तिफरा, सिरगिट्टी, सकरी नगर पंचायत और 15 ग्राम पंचायतों को निगम सीमा में शामिल किया गया था, लेकिन 6 साल बाद भी इन क्षेत्रों में किसी भी प्रकार का ठोस विकास नहीं हुआ है। निगम के विस्तार के समय जो विकास के दावे किए गए थे, वे सब खोखले साबित हो रहे हैं। क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। नाली, पानी, बिजली, सफाई जैसी समस्याओं से नागरिक परेशान हैं। सिरगिट्टी और तिफरा जैसे क्षेत्रों में सड़कों की हालत खस्ता है, जहां न तो सड़कों का निर्माण हुआ है और न ही नाली की व्यवस्था हो पाई है। सफाई व्यवस्था भी पर्याप्त नहीं है, जिसके कारण गंदगी

### नाली, पानी, बिजली, सफाई जैसी समस्याओं से नागरिक परेशान हैं

और जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। सकरी में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के बावजूद, गाड़ियों की कमी के कारण कचरा नियमित रूप से नहीं उठाया जा रहा है।

वर्ष 2019 में राज्य शासन ने नगर निगम का विस्तार करते हुए तिफरा नगर पालिका परिषद, सिरगिट्टी व सकरी नगर पंचायत समेत 15 ग्राम पंचायतों को शामिल किया था।यह क्षेत्र अब नगर पंचायत भी नहीं रहे तो निगम ने ध्यान भी नहीं दिया। लोग शिकायतें लेकर निगम कार्यालय और जोन कमिश्नरों के चक्कर लगाते रहते हैं, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकलता है। 6 वर्ष बीतने के बाद भी नए क्षेत्रों की स्थिति ग्राम पंचायतों जैसी है। गौरतलब है कि नए परिसीमन के बाद कुल 26 वार्ड नए क्षेत्रों में है। एक लाख 70 हजार से अधिक वोटरों नेपहली बार महापौर के लिए प्रत्यक्ष तौर पर वोटिंग की है। अब इनकी उम्मीदों पर खरा उतरने की बारी नए निगम सरकार की है।



### हर दिन नहीं होता कचरा कलेक्शन, लोग परेशान

सकरी के चारों वार्डों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन चालू किया गया है लेकिन इसके लिए पर्याप्त कचरा गाड़ी नहीं है। ऐसे में क्षेत्र में एक दिन के अंतर पर डोर टू डोर कचरा उठाया जाता है। नियमित घरों से कचरा का उठान नहीं होने से रहवासियों को कचरा नालियों व बाहरी स्थान में फेंकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इसकी वजह से वार्ड के कई हिस्सों में काफी गंदगी बनी हुई है। इसका उठाव भी समय पर नहीं हो रहा है। मुख्य मार्ग से लेकर अंदरूनी हिस्सों में सड़क के दोनों ओर पक्की नाली नहीं बन पाई है। जबकि पूरे क्षेत्र का दूषित पानी इस कच्ची नाली में आकर मिलता है। निकासी की सही व्यवस्था नहीं होने से सालभर कच्ची नाली ओवरफ्लो करती है और यह पानी क्षेत्र में फैलता रहता है। इसी वजह से यह क्षेत्र जलजनित बीमारियों के लिए संवेदनशील बना हुआ है और हर साल डायरिया, पीलिया जैसे मामले भी क्षेत्र में आते हैं।





### रोज होगा इन क्षेत्रों का दौरा

शपथ ग्रहण के बाद निगम अधिकारियों के साथ ही जोन कमिश्नरों की बैठक ली गई है। सबसे अधिक प्राथमिकता सड़क, नाली, पानी और बिजली पर रहेगी। नए जुड़े क्षेत्रों में पिछले पांच सालों में कुछ नहीं हुआ है। इन पर अधिक ध्यान दिया जाएगा। सोमवार से रोजाना सुबह इन क्षेत्रों की दौरा करते हुए कमियों को दूर करने की कोशिश होगी।


- **श्रीमती पूजा विधानी,** महापौर

## विभाग की 12 टीम निकली, 79 घरों के काटे कनेक्शन, 26 लाख वसूले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिटी सर्किल में बकाया बिजली बिल 2 अरब रूपए के आसपास जा पहुंचा है। लंबे समय से उपभोक्ताओं से वसूली बंद है, ऐसे में मार्च करीब आते ही अधिकारियों की चिंताएं बढ़ चुकी है, पिछले कुछ दिनों से वसूली अभियान तेज कर दिया गया है। सोमवार से शनिवार के बीच मॉस डिस्कनेक्शन और वसूली अभियान चलाया गया है। इस दौरान सिटी सर्किल में 79 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए और 195 उपभोक्ताओं से 26 लाख रूपए की वसूली की गई है।

विद्युत विभाग के आला अधिकारियों की फटकार के बाद सर्किल के दोनों डिवीजन के अधिकारी फील्ड में डटे हुए हैं, मार्च को देखते हुए विभाग में राजस्व बढ़ाना है, टार्गेट पूरा नहीं होने पर जोन के अधिकारियों पर गाज भी गिर सकती है। ऐसे में वसूली अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए विभाग ने दोनों डिवीजन में 12 टीम बनाई है। इस दौरान पूर्वी डिवीजन के अंतर्गत 115 उपभोक्ताओं के घर और दुकानों में दस्तक दी गई, जिसमें 25 उपभोक्ताओं से 3 लाख 14 हजार रूपए वसूली नहीं होने पर 25 घरों के कनेक्शन



- सिटी सर्किल के दोनों डिवीजन में वसूली जारी
- अधिकारियों के माथे पर पड़ने लगा है बल

काट लिए हैं। वहीं 90 उपभोक्ताओं ने 9 लाख 20 हजार रूपए का भुगतान विभाग में किया है। इसी प्रकार पश्चिम डिवीजन के अंतर्गत 16 लाख 73 हजार की वसूली नहीं होने पर 54 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट लिए गए हैं। वहीं 103 उपभोक्ताओं से 17 लाख 10 हजार रूपए की वसूली की गई है। हाल में हुए बैठक के बाद अधिकारियों ने साफ तौर पर कार्रवाई करने की बात कही है, जिसके बाद बिजली अधिकारी कनेक्शन काटने से नहीं चूक रहे हैं।

### भुगतान नहीं होने पर काटे कनेक्शन

उच्च अधिकारियों के निर्देश पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। लंबे समय से बकाया वसूली बंद है, उपभोक्ताओं को साफ तौर पर हिदायत दी गई है, भुगतान नहीं होने पर कनेक्शन काटे जाएंगे।

- **पीआर साहू,** एसई, विद्युत विभाग

## सिम्स मेडिकल कालेज के प्रोफेसर के विरूद्ध जारी वसूली आदेश निरस्त

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने सिम्स मेडिकल कालेज के प्रोफेसर के विरूद्ध जारी वसूली आदेश को निरस्त कर दिया है। याचिका के मुताबिक पारिजात कैसल, रिंग रोड-2, बिलासपुर निवासी डॉ. के. एन. चौधरी छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) बिलासपुर में मेडिकल कॉलेज में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर पदस्थ थे। दिनांक 30 जून



2023 को 65 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर उन्हें डीन, छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) बिलासपुर द्वारा सेवानिवृत्त कर दिया गया। सेवानिवृत्ति के 5 (पांच) माह पश्चात डीन, छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) बिलासपुर द्वारा डॉ. के.एन. चौधरी को बिना कोई कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए उनके विरूद्ध पूर्व के सेवाकाल के दौरान वेतन नियमन में त्रुटि के कारण अधिक वेतन भुगतान का हवाला देकर उनके विरूद्ध वसूली का आदेश जारी कर दिया गया। इसके खिलाफ डॉ.चौधरी द्वारा हाईकोर्ट अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय एवं स्वाति सराफ के माध्यम से रिट याचिका दायर की गई। याचिका में कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला है कि वेतन भुगतान वसूली आदेश जारी दिनांक से 5 (पांच) वर्ष पूर्व या उससे भी अधिक समय पूर्व का है तो उसकी वसूली नहीं की जा सकती।

## 14 दिन बाद बिलासपुर-अंबिकापुर उड़ान फिर से बहाल, 2 यात्री गए

**बिलासपुर।** बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट से बंद बिलासपुर- अंबिकापुर फ्लाइट एक बार फिर से शुरू कर दी गई है। 19 सीटर फ्लाइट में तकनीकी खराबी के चलते इस रूट की फ्लाइट सस्पेंड कर दी गई थी। 14 दिन बाद अचानक फ्लाइट शुरू होने से यात्रियों को अंदाजा भी नहीं था, बिलासपुर से अंबिकापुर की एक भी टिकट नहीं बिक सकी।

- अचानक शुरू हुई फ्लाइट
- 19 सीटर फ्लाइट में तकनीकी खराबी थी वजह

बिलासपुर-अंबिकापुर-रायपुर फ्लाइट एक बार फिर से शुरू कर दी गई है, अचानक सेवा शुरू किए जाने से रायपुर से अंबिकापुर के लिए मात्र 5-6 यात्री ही सफर का आनंद ले सके, जबकि अंबिकापुर- बिलासपुर-अंबिकापुर फ्लाइट ने बिना यात्रियों के ही सफर तय किया। फ्लाइबिग ने फ्लाइट का शेड्यूल जारी किया है। केंद्र सरकार की उड़ान योजना के तहत 19 दिसंबर से इस हवाई सेवा की शुरुआत की गई थी, जिससे रायपुर, अंबिकापुर और बिलासपुर के बीच हवाई यात्रा संभव हो सका है। पहले यह सेवा सप्ताह में तीन दिन (गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार) उपलब्ध हो रही थी, लेकिन अब बढ़ाकर सप्ताह में 6 दिन कर दिया गया।

### एयरलाइन्स कंपनी को उठाना पड़ रहा है घाटा

बिलासपुर-अंबिकापुर और रायपुर के बीच यात्रियों की संख्या काफी कम है। वहीं अंबिकापुर और बिलासपुर के रूट में हफ्ते में 10 यात्री ही सफर करते हैं। रूट पर शुरू से ही यात्री संख्या बेहद कम है, जिससे एयरलाइन को लगातार घाटा उठाना पड़ा। फ्लाइट का शेड्यूल तय था कि यह सुबह 9 बजे रायपुर से उड़ान भरकर 10.15 बजे अंबिकापुर पहुंचेगी, फिर 10.40 बजे अंबिकापुर से रवाना होकर 11.35 बजे बिलासपुर पहुंचेगी। इसके बाद 12 बजे बिलासपुर से अंबिकापुर के लिए रवाना होकर 12.55 पर पहुंचेगी और फिर 1.20 बजे रायपुर के लिए उड़ान भरेगी।




### अब रोज चलेगी फ्लाइट

अचानक एयरलाइन्स कंपनी ने फ्लाइट शुरू की है, यात्रियों को पता ही नहीं था। बिलासपुर से टिकट नहीं बिकी है। अब यह रोजाना चलेगी।

- **बीएन सिंह,** डायरेक्टर, बिलासा एयरपोर्ट

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तखतपुर में हुई घोटाला, रेवड़ी की तरह बांटे गए लाखों रूपए

# आयुष्मान प्रोत्साहन राशि बांटने में गड़बड़ी, रिटायर्ड व अपात्रों को किया भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आयुष्मान योजना के तहत प्रोत्साहन के तौर पर चिकित्सक, अधिकारी, कर्मचारियों को राशि बांटने में जमकर धांधली की गई है। यह मामला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तखतपुर का है। जहां अधिकारियों ने सेवानिवृत्त कर्मचारी, डाईवर, कार्यक्रम प्रबंधक जैसे अपात्रों को भी लाखों रूपए का भुगतान कर दिया है। सरकारी रूपयों की हेराफेरी करने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अबतक मामले में चुप्पी साधे बैठे हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तखतपुर में आयुष्मान योजना के तहत भर्ती मरीजों




के उपचार के बाद प्रोत्साहन राशि चिकित्सकों और कर्मचारियों को निर्धारित राशि का भुगतान किया जाता है। यह राशि कार्य के प्रतिशत और मरीजों की संख्या के अनुपातिक तौर पर दिया जाता है, लेकिन तखतपुर स्वास्थ्य केन्द्र में रेवड़ी की तरह अपने चहेतों को राशि का भुगतान कर दिया गया है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वास्थ्य केन्द्र को 12 लाख 6 हजार रूपए प्राप्त हुए, जिसमें 9 लाख 11 हजार रूपए खंड चिकित्सा अधिकारी और ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक ने चिकित्सकों एवं अपने खास कुछ कर्मचारियों के बीच बंदरबांट कर भुगतान कर दिया है। बंदरबांट करने के लिए कर्मचारियों की फर्जी आईडी बनाई गई और दो साल पहले सेवानिवृत्त हो चुके कर्मचारियों को भुगतान कर दिया गया है।

खास बात यह है कि मातृत्व अवकाश में छुट्टी में घर बैठे कर्मचारी और अपात्रों को भुगतान करने में अधिकारियों ने भारी वित्तीय अनियमित्ता का अंजाम दिया है।

### अपात्रों को दिए गए पैसे

शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मयान स्वास्थ्य योजना के तहत 40 अधिकारियों के आईडी बनाए गए हैं। इसमें से तीन कर्मचारी लक्ष्मी प्रसाद साहू, मालिक राम यादव, श्रीमती आसमानी बाई दो साल पहले ही सेवा निवृत्त हो चुके हैं। जिन्हें 8529 रुपए का भुगतान किया गया है। विगत एक वर्ष से मातृत्व अवकाश चल रहे महिला कर्मचारी को 3185 रुपए दिया गया है। लैब टेक्नीशियन को 71653 रूपए का भुगतान किया गया है, जबकि उनकी पत्नी नर्सिंग सिस्टर के पद पर कार्यरत है उन्हें नर्सिंग सिस्टर के तौर 6890 का भुगतान किया गया है और स्टाफ नर्स के रूप में फर्जी आईडी बनाकर 12081 रुपए का अतिरिक्त भुगतान कर दिया गया है।

### फर्जी आईडी के जरिए गफलत को दिया अंजाम

फर्जी अज्ञात व्यक्ति का आईडी बनाकर 1649 रुपए खाते में डाले गए हैं। वहीं ड्राइवर का फर्जी आईडी बनाकर ड्राइवर को 5986 रुपए दिया गया है, जबकि ड्राइवर को योजना के अंतर्गत पात्रता ही नहीं है। खास बात यह है कि उन्नयन कार्य में लगने वाली राशि का 9 लाख 11 हजार रूपए बंदरबांट कर सरकारी रूपयों पर अधिकारियों ने हाथ साफ कर दिया है। वहीं जिन कर्मचारियों में दिन-रात मरीजों की सेवा की उन्हें इस प्रोत्साहन राशि से वंचित कर दिया गया है।

### शिकायत आने पर होगी जांच


पिछले डेढ़ साल से योजना का एक भी पैसा नहीं आया है, मेरे समय में वित्तीय अनियमितता जैसी बात सामने नहीं आई है। अभी तक कोई शिकायत अप्राप्त है। शिकायत आने पर जांच जरूर की जाएगी।

- **डॉ. उमेश साहू,** बीएमओ, तखतपुर

### दोषियों पर होगी कार्रवाई

आई डी बनाकर अपात्रों को राशि बांटना वित्तीय अनियमितता है। इसकी जांच की जाएगी। दोषियों पर कार्रवाई भी होगी। तखतपुर सहित अन्य ब्लॉकों में जांच की जा सकती है।

- **डॉ. प्रमोद तिवारी,** सीएमएचओ, बिलासपुर।


Brilliant Public School
Igniting Wisdom
CRITICAL THINKING
FIELD VISITS
CROSS BORDER ENGAGEMENT
COLLABORATION
COMMUNICATION SKILL
CREATIVITY
SPORTS EXCELLENCE
NCC UNIT
BRILLIANT PUBLIC SCHOOL ®
विद्या
तेषामादित्य वज्ज्ञानं प्रकाशयति तत्परम
Wisdom for Universal Enlightenment
ESTD. 2001
Global Excellence
Driven by Global Legacy
We Are International, Where It Matters!
ADMISSIONS OPEN FOR SESSION 2025-26
BPS BAHTARAI (CORP. OFFICE)
CLASS NURSERY TO XII
HUMANITIES | SCIENCE | COMMERCE
Bahatarai Seepat Road, Bilaspur
: 8251822772, 8251822774
: brilliant_bsp@yahoo.com
BPS MISSION ROAD
CLASS NURSERY TO VIII
Mission Hospital Road, Bilaspur
: 07752-406967, 409584
: missioncampus@brilliantbsp.com
BPS VYAPAR VIHAR
CLASS NURSERY TO VIII
Near Rama Port, Bilaspur
: 07752-412298, 9111236000
: bpsvyaparvihar@gmail.com
Concept & Design @ AdPRAYAS
: www.brilliantbsp.com
OTHER BRANCHES
Korba: Stadium Road, Tulsinagar Squre, Korba (C.G.) 91119-92000, 91114-98000
Ambikapur: Near Vasundhara Green Valley, Lalmati, Raigarh Road, Ambikapur (C.G.) 89854-42000, 92441-20300

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, रविवार 2 मार्च 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




प्रेसवार्ता

## रामनवमीं पर 1008 भक्तों का जत्था होगा अयोध्या रवाना



**बिलासपुर।** रामनगरी के दिव्य दर्शन की अभिलाषा को साकार करने शहर के प्रसिद्ध समाज सेवी एवं उद्योग पति प्रवीण झा ने एक अनूठी पहल की है। हर वर्ष 1008 श्रद्धालुओं को श्रीराम दरबार की मंगलमयी यात्रा कराने का संकल्प लेते हुए इस वर्ष वे 21 भव्य बसों की व्यवस्था कर रहे हैं। यह यात्रा पूर्णतः निःशुल्क होगी। प्रेस क्लब में शनिवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रवीण झा ने बताया कि रामलला की मूर्ति स्थापित किए जाने को लेकर आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद अचानक उनके मन में विचार आया कि बिलासपुर संभाग के श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन करवाने की व्यवस्था की जाए। इसी विचार को मूर्त रूप देते हुए यह निर्णय लिया गया कि बिलासपुर संभाग से 1008 श्रद्धालुओं को हर साल रामनवमी पर रामलला के दर्शन के लिए निःशुल्क अयोध्या ले जाया जाएगा। इसमें 18 से 65 साल की आयु वाले ऐसे श्रद्धालु जो रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या जाना चाहते है, उन्हें आधार कार्ड और दो फोटो लेकर नियत स्थान पर स्वयं आकर पंजीयन कराना पड़ेगा। पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर पंजीयन कराए गए 1008 लोगों को बस से अयोध्या ले जाया जाएगा। यात्रा के नाम पर श्रद्धालुओं से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। इस वर्ष यात्रा 5 अप्रैल को होगी।

**रामभक्त प्रवीण झा श्रद्धालुओं को कराएंगे यात्रा**

**8 मार्च से प्रारंभ होगा पंजीयन :** अयोध्या यात्रा के लिए पंजीयन अनिवार्य है। राम लला दर्शन परिवार के सदस्य रामप्रताप सिंह, प्रफुल्ल शर्मा, रौशन सिंह, राजीव अग्रवाल एवं रिंकू मित्रा ने बताया कि यात्रा के लिए 8 मार्च से पंजीयन प्रारंभ होगा। 18 से 65 वर्ष आयु के कोई भी व्यक्ति यात्रा कर सकेंगे। बशर्ते पूर्ण रूप से स्वस्थ होना चाहिए।

मोटिवेशन

## तनावमुक्त अध्ययन ही सफलता की कुंजी, छात्रों को दिए टिप्स

**बिलासपुर।** नगर विधायक अमर अग्रवाल ने आज फेसबुक लाइव संवाद के माध्यम से क्षेत्रवासियों,विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों से चर्चा कर परीक्षा संबंधी महत्वपूर्ण टिप्स दिए। सफलता की राह परीक्षा विशेष संवाद विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने परीक्षा की तैयारी, तनावमुक्त अध्ययन और सफल भविष्य की दिशा में आवश्यक मार्गदर्शन दिया। अमर अग्रवाल ने कहा कि परीक्षा सिर्फ अंकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह सीखने और आत्म-विकास का महत्वपूर्ण अवसर है। सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और सही रणनीति से विद्यार्थी अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में शामिल हो रहे छत्तीसगढ़ के लाखों विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और समझकर पढ़ने, स्मार्ट स्टडी तकनीकों को अपनाने, नियमित व्यायाम व योग करने तथा समय प्रबंधन पर ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लाभों को भी साझा किया, जिससे छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा, डिजिटल लर्निंग और बहुआयामी विकास के नए अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने बिलासपुर को शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे व्यापक बदलावों का केंद्र बताते हुए कहा कि स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लर्निंग और कोचिंग हब के रूप में शहर तेजी से आगे बढ़ रहा है। अमर अग्रवाल ने अभिभावकों से भी अपील की कि वे बच्चों पर अनावश्यक दबाव डालने के बजाय उनका आत्मविश्वास बढ़ाएं और परीक्षा को एक सकारात्मक अनुभव बनने दें।




अमर ने संवाद में की चर्चा

कार्यक्रम

## सखियों ने एक-दूसरे पर फूल बरसा कर लिया होली उत्सव का आनंद



**बिलासपुर।** माहेश्वरी महिलाओं ने सखी ज्योति माहेश्वरी के निवास स्थान राधा कुंज में फाग उत्सव मनाया। इसमें होली पर आधारित भजन व फाग गीत गाए गए। इससे पूरा माहौल फागमय हो गया। अंत में सभी सखियों ने एक-दूसरे पर फूल बरसा कर होली उत्सव का आनंद लिए। कार्यक्रम के आरंभ में सभी सखियों ने भगवान कृष्ण व राधा को गुलाल लगाया। इसके बाद वाद्य यंत्रों की धुन पर भजनों की प्रस्तुति दी गई। ढोल की थाप पर फाग गीत गाए गए। एक-दूसरे पर फूल बरसाए गए। वहीं सभी के ऊपर गुलाब की पंखुड़ियां भगवान के आशीर्वाद स्वरूप वर्षा की गई। इन फूलों की बहारों का सभी ने आंनद उठाया। इस मौके पर ज्योति, सरिता, शीला, सरोज, रिमझिम, पूजा, पूनम, ममता, सुजिता, रेखा, चारू, मंजू, आभा, हेमलता, नीता सहित समाज की अन्य सखियां उपस्थित थीं। सखियों ने बताया कि भगवान एवं मंदिर को वृंदावन की तर्ज पर फूलों से सजाया गया है।

# सरल सवालों ने 12वीं बोर्ड के छात्रों का बढ़ाया मनोबल






**300 छात्र रहे अनुपस्थित**

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा शनिवार को 12वीं बोर्ड की परीक्षा का प्रारंभ कर दिया गया है। 12वीं क्लास की परीक्षा के लिए जिले में 131 केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें 14 हजार 933 छात्रों में तकरीबन तीन सौ छात्र अनुपस्थित रहे। पहला बोर्ड परीक्षा होने से विद्यार्थियों को तनाव जरूर था, मगर सरल प्रश्नपत्र होने से सभी छात्रों का मनोबल बढ़ गया और आगे होने वाली सभी परीक्षा अच्छा होने की बात कही।

**बिलासपुर।** 12 वीं क्लास की छात्रा श्रुति रस्तोगी ने बताया कि हिंदी का पेपर बहुत आसान था, जिस तरह से तैयारी की थी, उसमें से सभी पढ़े हुए प्रश्न पूछे गए। आज का प्रश्नपत्र हल करके आगे होने वाली अन्य विषयों के पेपर भी इसी तरह हल होगा, इसका आत्मविश्वास हो गया। बोर्ड परीक्षा में जिन शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी, वे सुबह 8 बजे तक स्कूल पहुंच गए थे। परीक्षार्थियों की सहूलियत के लिए परीक्षा केंद्र के बाहर कमरा नम्बर और रोल नम्बर दीवारों पर चिपका दिया गया था, जिसकी सहायता से छात्र अपने-अपने कक्ष में जाकर बैठे। परीक्षा सुबह 9 बजे प्रारंभ हुई जो 12:15 बजे तक चली। परीक्षार्थी सुबह 9 बजे परीक्षा हॉल में प्रवेश किए, उत्तरपुस्तिका वितरण 9:05 बजे किया गया। प्रश्न पत्र वितरण 9:10 हुआ और उत्तर लेखन के लिए सुबह 9:15 बजे से 12:15 बजे तक समय दिया गया।



### उड़नदस्ता ने 37 केन्द्रों में की जांच

शिक्षा विभाग द्वार गठित 6 उड़नदस्ता टीम पहले दिन जिले के 37 परीक्षा केन्द्रों में पहुंचकर जांच की। जिसमें एक भी नकलची नहीं पकड़ा गया। टीम लगातार हर परीक्षा में पहुंचकर नकल प्रकरण बनाएंगी। हालांकि पहले की तुलना में अब नकल प्रकरण नहीं बन रहे हैं।

### कल होगी दसवीं की परीक्षा

जिले में दसवीं बोर्ड परीक्षा के लिए भी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। सोमवार को कक्षा 10वीं के छात्र-छात्राएं हिंदी विषय की परीक्षा देंगे। इसके लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा परीक्षा केन्द्र बनाएं गए हैं। जिले में इस बार एक भी संवेदनशील केन्द्र नहीं है, सभी सामान्य परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

**अटल यूनिवर्सिटी ने बनाया 73 कालेजों को परीक्षा सेंटर, दो शिफ्ट में हो रही परीक्षा**

**यूजी-पीजी के 71 हजार परीक्षार्थी हो रहे शामिल**

अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित वार्षिक मुख्य परीक्षा शनिवार से शुरू हो गई है। इस परीक्षा में यूजी सेकंड व थर्ड ईयर सहित पीजी के रेगुलर एवं प्राईवेट मिलाकर लगभग 71 हजार परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। इस परीक्षा के लिए 73 कालेजों को परीक्षा सेंटर बनाया गया है।




## कालेजों में मुख्य परीक्षा शुरू

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित मुख्य परीक्षा के पहले दिन एक मार्च को बीएससी होम साइंस सेकंड ईयर एवं फाइनल ईयर पीजीडीएम सहित एमए फिलासफी प्रीवियस एवं फाइनल और पीजी डिप्लोमा इन लेबर लॉ आदि के पेपर हुए हैं। पहले दिन परीक्षार्थियों की कम संख्या होने के कारण कुछ ही सेंटरों में परीक्षा हुई है। हाल में चुनाव के दौरान जो पेपर स्थगित किए गए थे वे पेपर भी अभी लिए जा रहे हैं। इस बार यूनिवर्सिटी तीन शिफ्ट के बजाए दो शिफ्ट में परीक्षा आयोजित कर रही है। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 7 से 10 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित होगी, क्योंकि इस बीच जो समय बच रहा है, उसमें कालेजों में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति अंतर्गत प्रथम सेमेस्टर वाले छात्र-छात्राओं की क्लासेस लगेगी। यूनिवर्सिटी की ओर से जो परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया है उसके अनुसार 1 मार्च से मुख्य वार्षिक परीक्षा शुरू होकर 15 मई तक चलेगी। यूनिवर्सिटी से संबद्ध लगभग 130 कालेजों सहित यूनिवर्सिटी के शिक्षण विभाग के परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं।

### 38 हजार रेगुलर व 33 हजार प्राइवेट परीक्षार्थी

यूजी स्तर पर सेकंड ईयर और फाइनल ईयर की परीक्षा हो रही है, वहीं पीजी स्तर पर प्राईवेट वालों की परीक्षा हो रही है। इस तरह इस मुख्य परीक्षा में लगभग 71 हजार परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं, जिसमें लगभग 38 हजार रेगुलर वाले तथा 33 हजार प्राईवेट परीक्षार्थी हैं। इन छात्र-छात्राओं का अध्ययन-अध्यापन कार्य वार्षिक पद्धति से हुआ है इसलिए इनकी परीक्षा भी वार्षिक पद्धति से ली जा रही है।

### पूरी हो गई तैयारी

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित मुख्य वार्षिक परीक्षा आज से चालू हो गई है। इस परीक्षा में यूजी-पीजी दोनों के छात्र-छात्राएं बैठ रहे हैं और लगभग 71 हजार परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। इसमें रेगुलर एवं प्राईवेट परीक्षार्थी शामिल हैं। परीक्षा के लिए यूनिवर्सिटी स्तर पर तैयारी पूरी कर ली गई है।

\- **शैलेन्द्र दुबे,** रजिस्ट्रार, एयू

### शांतिपूर्ण ढंग से हुई परीक्षा

अटल यूनिवर्सिटी प्रदेश में परीक्षा आयोजित करने और परिणाम निकालने में सबसे आगे रहा है। इसलिए शासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करते हुए समय पर एक मार्च से परीक्षा शुरू करा दी गई है। पहले दिन कालेजों में शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा हुई है।

\- **डॉ. तरूणधर दीवान**
परीक्षा नियंत्रक, एयू

### प्रथम वर्ष में एनईपी लागू

यूनिवर्सिटी, कालेजों में इस सत्र से फर्स्ट ईयर में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी लागू हो गया है। इसलिए फर्स्ट ईयर की परीक्षा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत सेमेस्टर प्रणाली से पिछले माह में आयोजित की गई थी। फर्स्ट ईयर वाले छात्रों की पढ़ाई भी सेमेस्टर प्रणाली से हो रही है। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुसार इस बार परीक्षाएं तीन पालियों में न होकर दो पालियों में हो रही ताकि सेमेस्टर की परीक्षाओं में विद्यार्थियों को पढ़ने का मौका मिल सके। द्वितीय सेमेस्टर की सैद्धांतिक परीक्षाएं जून में संभावित है, जबकि प्रायोगिक परीक्षाएं मई माह में होगी। इसलिए कक्षाएं मार्च माह से शुरू हो रही हैं। इस तरह से विद्यार्थियों को तैयारी के लिए समय मिल जाएगा। इस कारण से भी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं समाप्त होते ही द्वितीय सेमेस्टर की कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है।

## राणी शक्ति दादी मंदिर में कराया गया 15 कन्याओं का सामूहिक विवाह

**बिलासपुर।** नारायणी महिला समिति की सदस्यों ने शनिवार को गौरव पथ रिंग रोड 2 स्थित राणी शक्ति दादी मंदिर में विधि-विधान से 15 कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया। वधुओं को गहने, कपड़े सहित अन्य सामान भेंट स्वरूप प्रदान किए।

समिति की सदस्यों ने बताया कि उनके द्वारा विगत कई सालों से निर्धन व असहाय कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया जा रहा है। पिछले वर्ष 26 कन्याओं का विवाह कराया गया था। इसी क्रम में इस वर्ष भी यह आयोजन कराया गया। जिससे 15 जोड़ें लाभांवित हुए। उन्होंने बताया कि सबसे पहले सभी वधुओं ने शिव-पार्वती की पूजा की। फिर बारातियों को एक साथ ऊपर लाया गया। इसके बाद पांच पण्डितों की टीम ने विधि-विधान से विवाह संपन्न कराया। समिति की सदस्यों ने कई कन्याओं का स्वयं कन्या दान किया। समिति की ओर से वधुओं को उपहार स्वरूप मंगल सूत्र, आलमारी, घड़ी, पायल, बिछिया, बर्तन, कपड़े, श्रृंगार का सामान दिया गया। वर-वधु पक्ष के लिए नाश्ता व भोजन की व्यवस्था भी रही।

कार्यक्रम में समिति के सदस्य अमिता खेड़िया, प्रमिला तुलस्यान, सीमा अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, संतोष चौधरी, अजय अग्रवाल सहित अन्य सभी सदस्यों का सहयोग रहा।



नारायणी महिला समिति का आयोजन

## शिक्षा का मतलब आर्थिक विकास के साथ सांस्कृतिक विकास भी : अमर

**बिलासपुर।** सी एम दुबे महाविद्यालय में तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव 2025 के दूसरे दिन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी अनिल खंडेलवाल, शासी निकाय अध्यक्ष डॉ संजय दुबे, दीपक सिंह ठाकुर, गुलशन ऋषि, एस पी चतुर्वेदी, अमन दुबे, बी एड प्राचार्या डॉ अंजलि चतुर्वेदी थे। कार्यक्रम के दूसरे दिन भी रंगारंग नृत्य संगीत व झांकियों से ताल वार्षिकोत्सव की शाम सजी।

- **सीएमडी कालेज का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव**

मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल ने कहा कि सीएमडी महाविद्यालय 70 वर्ष पूर्व स्थापित किया गया था। जिस समय शिक्षा का स्तर बहुत ऊंचा नहीं था। उस समय से यह महाविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत है और बिलासपुर ही नहीं संपूर्ण छत्तीसगढ़ के निवासियों के साथ-साथ आसपास के राज्यों से भी लोगों ने यहां से शिक्षा ग्रहण की है। विभिन्न क्षेत्रों में उच्च पदों पर स्थापित होकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। यह महाविद्यालय हमेशा से छात्रों के विकास को बल देता रहा है। उन्होंने कहा कि पहले शिक्षा का मतलब सिर्फ आर्थिक विकास होता था परंतु आज यह बदल चुका है आज शिक्षा का मतलब आर्थिक विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक विकास को बढ़ावा देना भी है।





### खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियां विकास का महत्वपूर्ण हिस्साः दुबे

सीएमडी कॉलेज के अध्यक्ष डॉ.संजय दुबे ने कहा कि यह महाविद्यालय हमेशा से छात्रों के सर्वस्व विकास की ओर ध्यान देता है। प्रत्येक वर्ष महाविद्यालय में युवा उत्सव जिसमें खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने मुख्य अतिथि विधायक श्री अग्रवाल के सफल राजनीतिक सफर के बारे में बताया।

कार्नर न्यूज

# छत्तीसगढ़ राज्य के बजट से लोगों को राहत की उम्मीदें


**बिलासपुर।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा 2025-26 का बजट 3 मार्च को सदन में पेश होगा, बजट को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। छत्तीसगढ़ की मौजूदा सरकार का यह दूसरा बजट होगा। इस बार छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी 1 लाख 60 हजार करोड़ से अधिक का बजट पेश कर सकते हैं। बीते साल 1 लाख 47 हजार करोड़ रुपए का बजट पेश किया गया था। बजट पेश होने से पहले लोगों को कई राहत की उम्मीदें हैं। सीएम साय भी कह चुके हैं कि इस बार सरकार का बजट समावेशी होगा। इसमें सभी वर्गों का ध्यान रखा जाएगा। इस बजट से व्यापारी, युवा व महिला हर कोई बड़ी उम्मीद कर रहा है। इसी तरह सरकारी कर्मचारी, शैक्षणिक संस्थान संचालक भी सरकार से एक अच्छे बजट की अपेक्षा कर रहे हैं। इस पर शहर के शासकीय कर्मचारी, व्यापारी, शैक्षणिक संस्थान संचालकों से बात कर उनकी उम्मीदों का जाना।



**आशीष जायसवाल**
मैनेजिंग डायरेक्टर,
चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेजेस

### तकनीकी शिक्षा का पुनरुद्धार हो


एक महाविद्यालय समूह के संचालक के रूप में अनुदान वृद्धि एवं नियमों में सुधार उच्च शिक्षा में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार को बजट आवंटन बढ़ाना चाहिए और नियमों को उदार बनाना चाहिए। पिछले बजट में 1330 करोड़ रुपये सरकारी महाविद्यालयों के लिए थे, जबकि निजी संस्थानों को कोई आर्थिक सहयोग नहीं मिला। यदि यही स्थिति रही तो निजी महाविद्यालयों के संचालन में कठिनाई आएगी और उन्हें बंद करना पड़ सकता है। तकनीकी शिक्षा का पुनरुद्धार छत्तीसगढ़ ऊर्जा संसाधनों से समृद्ध राज्य है, जहां बीएसपी, एसईसीएल, एनटीपीसी और एमएनडीसी जैसे बड़े उद्योग मौजूद हैं। इसके बावजूद, तकनीकी शिक्षा दम तोड़ रही है। सरकार को इस दिशा में ठोस पहल करनी चाहिए, जिससे तकनीकी शिक्षा का पुनरुद्धार हो और उद्योगों को दक्ष मानव संसाधन उपलब्ध कराया जा सके।



**जी आर चंद्रा**
प्रांत अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ

### 12 सूत्री मांग पूरी होने की उम्मीद


छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ बिलासपुर में प्रांत अध्यक्ष जी आर चंद्रा ने बताया कि शासन को ध्यान आकर्षण करने 12 सूत्री मांगों जिसमें प्रमुख रूप से केंद्र के समान महंगाई भत्ता, चार स्तरीय वेतनमान, 300 दिनों का अर्जित अवकाश, सभी संवर्ग के कर्मचारियों के वेतन विसंगति दूर करने, लंबित पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण करने, संविदा, दैनिक, अनियमित कर्मचारियों के रिक्त पदों को नियमित किए जाने तथा मध्य प्रदेश की भांति सेवा सुरक्षा, श्रम सम्मान निधि का भुगतान आदेश सभी विभागों में प्रदान किए जाने, अनुकंपा नियुक्ति के स्वीकृत पदों पर 10% का नियम शिथिल करने, संघों को विभाजित मध्य प्रदेश की भांति स्थाई मान्यता दिए जाने संबंधी मांग शामिल किया है।



**किशोर पंजवानी**
अध्यक्ष कैट
बिलासपुर इकाई

### व्यापारी कल्याण बोर्ड का हो गठन

कैट बिलासपुर के व्यापारीयों ने कहा की छत्तीसगढ़ में इस बार के बजट में बहुत उम्मीदें हैं, छोटे से लेकर बड़े व्यापारियों द्वारा राज्य और केन्द्र दोनों को जीएसटी के माध्यम से बड़ी राशि देते हैं। इस एवज में व्यापारियों को कोई सुरक्षा नहीं मिलती। हम चाहते हैं कि इस बार बजट में व्यापारियों हेल्थ इंश्योरेंस शामिल किया जाए। इसके साथ ही बहुप्रतिक्षित मांग व्यापारी कल्याण बोर्ड का भी गठन हो। राज्य में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, धार्मिक और प्राकृतिक दोनों तरह से राज्य संपन्न है। ऐसे में सरकार पर्यटन पर फोकस कर सकती है। ऐसे में सरकार पर्यटन के लिए अलग घोषणा कर सकती है।



**अमित शुक्ला**
चार्टर्ड एकाउंटेंट

### जीएसटी में शिथिलता की आवश्यकता

व्यापारियों को राज्य सरकार से जीएसटी के नियम एवं क़ानून में शिथिलता की आवश्यकता थी एवं आम जनता को उनकी मुख्य ज़रूरतों में से शिक्षा स्वास्थ्य और न्याय में विसंगति को दूर करने की आवश्यकता रहती है। इससे आम आदमी को लाभ मिलेगा और लोगों के घर का बजट भी सुधरेगा। छत्तीसगढ़ सरकार को कर में भी रियायत करनी चाहिए ताकि मध्यम वर्ग को राहत मिल सके। मध्यम वर्ग को खासतौर पर खासा लाभ नहीं मिलता अगर इस बजट में मध्यम वर्ग का ध्यान रखे तो इस वर्ग को लाभ मिल सकता है।


1 MARCH- BSP-PG-4_Layout 1 3/1/2025 11:27 PM Page 1



## अक्टूबर 2024 से अब तक निफ्टी हर महीने गिरावट में बंद हुआ और 5 महीने में यह 12 प्रतिशत गिर चुका

# बाजार गिरे तब क्या करना चाहिए?

*शेयर बाजार में आज गिरावट दर्ज की गई है। लगातार बाजार को गिरता देख निवेशक परेशान हो रहे है ऐसे में आपको बताते है बाजार की गिरावट के टाइम आपको क्या करना चाहिए। शेयर बेच देना चाहिए या एसआईपी बंद कर देना चाहिए या बाजार में टिके रहना चाहिए?*



**मार्केट क्रैश**

शंभू भद्र

बाजार जब गिरता है तो निवेशकों को कुछ समझ नहीं आता है कि शेयर बेच दे, एसआईपी बंद करें या बाजार में टिके रहें। अक्टूबर 2024 से निफ्टी हर महीने गिरावट में बंद हुआ है और ये 5 महीने में 12 प्रतिशत गिर चुका है। 1996 के बाद ऐसा पहली बार हुआ है कि बाजार में लगातार पांच महीने गिरावट आई है। इससे पहले साल 1996 में जुलाई से लेकर नवंबर महीने के बीच बाजार में लगातार 5 महीने गिरावट देखी गई थी। इन 5 महीनों के दौरान निफ्टी 50 इंडेक्स 26 प्रतिशत गिरा था। अमेरिका से लेकर यूरोप तक में की गई एकेडमिक स्टडीज से पता चलता है कि जब भी लोग बाजार में निवेश को लेकर घबराएं या चिंतित रहते हैं तब-तब बाजार ने एवरेज से ज्यादा रिटर्न दिया है। इसका मतलब है जब भी आप सोचते हैं कि शेयर बेच देना चाहिए, एसआईपी बंद कर देना चाहिए और बाजार से निकल जाना चाहिए उस समय ही बाजार में निवेश का सबसे बेहतर समय होता है। साल 2008 में 21 जनवरी को सेंसेक्स एक ही दिन में करीब 1400 अंक गिर गया था। वहीं 2008 के अंत तक सेंसेक्स 20,465 अंक से गिरकर 9716 अंक पर आ गया। वर्ष 2010 सितंबर में सेंसेक्स फिर से 20,000 अंक को पार कर गया। इसके बाद 2020 में कोरोना महामारी के कारण एक हफ्ते में सेंसेक्स 42,273 अंक से गिरकर 28,288 अंक पर आ गया था। 2020 अप्रैल से इसमें रिकवरी देखने को मिली और सेंसेक्स वर्ष के अंत तक 47,751 के स्तर पर पहुंच गया। मतलब, जब-जब बाजार में गिरावट आई है इसमें तेजी से रिकवरी भी दिखी गई है। ऐसे में जो निवेशक पहले से इन्वेस्टेड है उन्हें अपने निवेश में वैसे ही बना रहना चाहिए और जो लोग नया निवेश करना चाहते हैं वह थोड़ा-थोड़ा करके निवेश कर सकते हैं।

### शेयर बाजार लगातार क्यों गिर रहे?

विदेशी निवेशकों ने अक्टूबर 2024 से फरवरी 2025 तक पांच महीनों में भारतीय बाजार से 3.11 लाख करोड़ रुपए निकाल लिए हैं। इसके अलावा निवेशकों को चीनी कंपनियों के शेयर भारतीय कंपनियों के शेयरों की तुलना में ज्यादा सस्ते दिख रहे हैं। खाने-पीने की चीजें महंगी होने के कारण अक्टूबर 2024 में रिटेल महंगाई बढ़कर 6.21% पर पहुंच गई थी, जो महंगाई का 14 महीनों का उच्चतम स्तर था। खाने-पीने की चीजें सस्ती होने से जनवरी 2025 में रिटेल महंगाई घटकर 5 महीने के निचले स्तर 4.31% पर आ गई थी। लेकिन ये कमी निवेशकों का विश्वास बहाल करने के लिए काफी नहीं है। हाल के महीनों में देखा गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था धीमी हो गई है। डोनाल्ड ट्रम्प की ट्रेड पॉलिसीज से निवेशक काफी चिंतित है। भारत सहित कई अन्य देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की धमकी से बाजार में अनिश्चितता दिखाई दे रही है। ट्रम्प ने बीते दिनों कहा था, चाहे वो कोई भी देश हो- भारत या चीन, वे हम पर जितना चार्ज करते हैं, हम भी उतना ही रेसिप्रोकल टैरिफ लगाएंगे, हम व्यापार में बराबरी चाहते हैं।

#### चीन की ओर रुझान

विदेश संस्थागत निवेशकों का निवेश चीन भी जा रहा है। चीन की सरकार ने पिछले साल देश की अर्थव्यवस्था का कायाकल्प करने के लिए बड़े निवेश का एलान किया था। इस निवेश के बाद एफआईआई चीन के बाजार में जाने लगे थे। यह दौर अभी भी जारी है। ट्रंप की जीत के बाद अमेरिकी बाजार दुनियाभर से निवेश आकर्षित कर रहा है। दूसरी तरफ संस्थागत निवेश के लिए चीन का बाजार एक मजबूत विकल्प के तौर पर उभरा है। चीन की सरकार के नए प्रयासों ने एक सकारात्मक भावना पैदा की है। चीन ने ब्याज दरों में कटौती की, मार्केट में पैसा डाला और अर्थव्यवस्था को स्थिर किया। इससे निवेशकों को कॉन्फिडेंस मिला है।

#### उथल-पुथल में अर्थव्यवस्था का हाल

भारत पर सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था का तमगा लगा रहेगा? गांवों की मांग और सरकार का जोर इसे बचा सकता है। तमाम बुरी खबरों के बीच भारत की अर्थव्यवस्था में हम कुछ अच्छे संकेत देख सकते हैं। वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 6.2 फीसदी रही, जो जुलाई-सितंबर तिमाही में 5.4% थी। अच्छे मानसून का इसमें बड़ा योगदान है, ग्रामीण इलाकों में लोगों के पास खर्च करने को पैसा आया है। सरकार ने भी खर्च में तेजी लाई है। पिछली तिमाही में हालात ठीक नहीं थे। शहरी मांग कमजोर थी। अप्रत्याशित रूप से शहरी इलाकों में लोगों के खर्च में कमी आई। पिछले साल चुनाव की वजह से सरकारी खर्च भी रुका था। एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में मंदी के बादल मंडराते हुए दिख रहे थे।

#### टैरिफ का मामला उलझा

5.4% ग्रोथ रेट सात तिमाहियों में सबसे कम था। वैश्विक स्तर पर परेशानियाँ कम नहीं हैं। अमेरिका के साथ टैरिफ का मसला उलझा हुआ है। ट्रंप प्रशासन टैरिफ की बात कर रहा है। इससे वैश्विक अनिश्चितता बढ़ी है। विनिर्माण और सर्विस सेक्टर पर असर पड़ा है। आने वाले दिनों में व्यापार, होटल और परिवहन में भी सुस्ती रह सकती है। रियल एस्टेट और फाइनेंशियल सर्विसेज भी कमजोर हैं। अब अच्छी बातों पर एक नजर डालते हैं तो कृषि क्षेत्र ने अच्छा प्रदर्शन किया। फसल अच्छी हुई। पिछले तीन महीनों में 4.4% की वृद्धि थी। केंद्र और राज्य सरकारें पूंजीगत व्यय (कैपिटल एक्सपेंडिचर) बढ़ा रही हैं। सड़कें, पुल और प्रोजेक्ट्स पर पैसा लग रहा है। इनसे अर्थव्यवस्था को सहारा मिल सकता है। रिजर्व बैंक ने हाथ खोले हैं। नीतिगत दरें घटाईं, तरलता (लिक्विडिटी) बढ़ाई। सख्त नियमों को टाला, पर 2025-26 में भी जीडीपी दर 7% से नीचे रहने का अनुमान है। अमेरिकी टैरिफ का असर छोटा होगा, पर कुछ सेक्टर्स को नुकसान होगा। विनिर्माण और सर्विसेज पर दबाव है। बजट में टैक्स राहत दी गई। इससे उपभोक्ताओं को फायदा होगा, पर वैश्विक चुनौतियाँ खत्म नहीं हुईं। तो क्या भारत पर सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था का तमगा लगा रहेगा? फिलहाल उम्मीदें कायम हैं।

#### ये तबाही कब तक जारी रहेगी?

मार्च में कुछ रिकवरी देखने को मिल सकती है। मैक्रोइकॉनमिक स्तर पर बेहतर खबरें आ सकती हैं और कुछ एफआईआईज भी भारतीय बाजार में लौट सकते हैं। अभी विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) द्वारा भारी बिकवाली, अमेरिकी बांड पर बढ़ती आय, रुपये में भारी गिरावट, तीसरी तिमाही के आय में सुस्ती और हाई वैल्यूवेशन ने हाल के महीनों में बाजार की धारणा को प्रभावित किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लिए गए टैरिफ को लेकर फैसले ने बाजार की दिशा-दशा बदली है। ऐतिहासिक रूप से मार्च का महीना तेजड़ियों के पक्ष में रहा है, यानी मार्च में शेयर बाजार अक्सर तेजी में रहा है। पिछले 15 सालों में बेंचमार्क इंडेक्स ने 10 बार पॉजिटिव रिटर्न दिया है और निवेशकों की कमाई कराई है। 30 साल पहले ही मार्च के दौरान तेजी रही थी। लंबी अवधि के नजरिए के हिसाब से अच्छे शेयरों को खरीद सकते हैं। वित्त वर्ष 26 में भारतीय इक्विटी बाजारों के लिए जोखिम और चुनौतियों को देखें तो भारत की विकास संभावनाएं आशाजनक हैं, पर जोखिम भी हैं। निकट भविष्य में बाजार में और कमजोरी नजर आ रही है। निफ्टी शॉर्ट टर्म में और गिरावट की उम्मीद की जा सकती है।

#### डावांडोल बाजार में क्या अपनाएं रणनीति

यह पूरा हफ्ता निवेशकों के लिए खराब गुजरा है। इसलिए जब गिरावट का दौर हो तो शेयर में निवेश के प्रति सतर्क रहना जरूरी है। एक शेयर ब्रोकर ट्रेडेड मूल्य पर धन कमाता है। इसलिए ज्यादातर ब्रोकरेज हाउस मुफ्त में सलाह दिया करते हैं। ध्यान रहे जब भी नुकसान होगा, आपका ही होगा। इस हफ्ते आपके निवेश की स्ट्रैटेजी क्या होनी चाहिए? अगर आप अपने धन से हाथ नहीं धोना चाहते तो कुछ बुनियादी नियमों का ध्यान रखें।

#### निवेश के लिए अपनाएं ऐसी स्ट्रैटेजी

ट्रेडर व निवेशक दोनों को अलग-अलग स्ट्रैटेजी अपनानी चाहिए। ट्रेडर है तो स्टॉपलॉस के साथ ट्रेड ले सकते हैं। गिरावट के माहौल का फायदा उठा सकते हैं। हालांकि ट्रेडरों को कम क्वांटिटी के साथ ट्रेड करना चाहिए। इस वक्त ट्रेडरों के लिए भी काफी मुश्किल भरा मार्केट है। निवेशक के लिए अच्छा है कि वह सीधे निवेश से बचें। एसआईपी जारी रखें। कम अग्रेसिव निवेशक थोड़ा इंतजार करें। बाजार में रिवर्सल के संकेतों का वेट करें। इस वक्त ट्रेडर व निवेशक दोनों संभल कर अपनी स्ट्रैटेजी बनाएं। वारेन बफे के मुताबिक गिरते बाजार में निवेश करने का जोखिम उठाना चाहिए।

#### टिप्स का अध्ययन करें

लिटमस टेस्ट करें। आपके निवेश करने के पहले, किसी भी विश्लेषक की टिप्स का कुछ समय तक परीक्षण करें। उसके बाद ही फैसला करें। कई ब्रोकरेज हाउस अपनी बड़ी रिसर्च टीम का दावा करते हैं। उनकी रोजाना रिपोर्ट आती हैं। इनमें से कितनी सही रहती होंगी।

#### पहले रिसर्च करें, बाद में नहीं

निवेश के पहले शेयर के बारे में ठीक से रिसर्च करें। उस पर ब्रोकर से विस्तार से रिपोर्ट मांगें। लंबी अवधि की संभावनाएं अच्छी हों तभी निवेश करें। ट्रिगर प्राइस और टार्गेट प्राइस वाली टिप्स पर समय बर्बाद नहीं करें।

#### जो तेज चढ़ता है, तेज गिरता है

जब भी ऊंचाई पर कोई आंकड़ा देखा जाता है, उसमें प्रगति की बड़ी संभावना दिखाई देती है। लेकिन जब कोई शेयर काफी बढ़ चुका हो या किसी सेक्टर में काफी तेजी आ चुकी हो, सतर्क रहना चाहिए। ज्यादा पीई अनुपात का मतलब है कि भविष्य में प्रगति दर घटने वाली है।

#### समय नहीं है तो सिप से लगाएं धन

अगर आपके पास अपने पोर्टफोलियो में नए शेयर चुनने का समय नहीं है तो शेयर बाजार में सीधे धन नहीं लगाएं। सिस्टैमेटिक इनवेस्टमेंट प्लान (सिप) में निवेश से भी काफी मूल्य निर्मित किया जा सकता है।

#### अस्थिरता होने पर नहीं करें ये गलतियां

#### घबराकर बिकवाली ना करें

बाजार में अस्थिरता होने पर घबराहट में बिकवाली करने से बचें। यह सबसे पहला नियम है। कयासबाजी पर तुरंत प्रतिक्रिया करना हानिकारक साबित हो सकता है। आपको हमेशा यह बात देखनी चाहिए कि किसी शेयर की पिटाई क्यों हुई है? इसे देखते हुए ही किसी शेयर को बेचने का फैसला करना चाहिए। अगर आप गिरावट की वजहों से संतुष्ट नहीं हैं तो इस बात पर विचार करें कि क्यों आपने उस शेयर को खरीदा था। इससे आपको सही समीक्षा करने में मदद मिलेगी।



#### सिप को नहीं रोकें

आपका कुछ भी फैसला हो, लेकिन, म्यूचुअल फंड में सिप को रोकने की गलती कतई न करें। इससे सिप को लेने का मकसद विफल हो जाता है। बाजार में मंदी का दौर ही वह समय होता है जब आपको इनके साथ जरूर बने रहना चाहिए। इससे आपको अपने लंबी अवधि के लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिलती है। सिप को रोककर आप इक्विटी में चक्रवृद्धि ब्याज का लाभ खो देंगे। गिरावट के समय आपको कम कीमत पर ज्यादा यूनिटें खरीदने का मौका मिलेगा। बाजार के वापसी करने पर आप इसका फायदा उठा सकेंगे। लंबी अवधि में इक्विटी से सबसे अच्छा रिटर्न मिलता है। इसलिए इनके साथ बने रहने में समझदारी है।

#### सिर्फ गिरावट के समय नहीं खरीदें

केवल पिटे हुए स्टॉकों में पैसा लगाने में आप गलती भी कर सकते हैं। इस बात का अंदाजा लगा पाना बेहद मुश्किल है कि किसी कंपनी का निचला स्तर क्या होगा। इससे आप सही मूल्य को आंकने के चक्कर में बुरी तरह से फंस सकते हैं। नए निवेशकों को फाइनेंशियल सेक्टर के शेयरों से दूर रहना चाहिए। किसी कंपनी में निवेश करने से पहले उसके बुनियादी पहलुओं को देखना चाहिए। इस बात की भी जानकारी करनी चाहिए कि कंपनी का ट्रैक रिकॉर्ड कैसा रहा है। उसके रेवेन्यू, प्रॉफिट, प्राइस-टू-अर्निंग रेशियो और डेट-टू-इक्विटी रेशियो के बारे में जानकारी कर लेनी चाहिए। अगर आप खुद यह काम नहीं कर सकते हैं तो किसी प्रोफेशनल की सलाह लेनी चाहिए।

#### एक सेक्टर में लिवाली न करें

हमेशा डायवर्सिफिकेशन के बारे में सोचना चाहिए। कहते हैं कि एक टोकरी में सभी अंडों को रखना बड़े नुकसान को दावत दे सकता है। इसलिए गिरावट के समय अच्छे शेयरों में निवेश के मौके तलाशने चाहिए। केवल एक सेक्टर के शेयरों में ही दांव लगाने से बचना चाहिए।

#### कर्ज लेकर शेयरों में न लगाएं

कई लोग ज्यादा रिटर्न के लिए कर्ज लेकर शेयरों में लगा देते हैं इस तरह के निवेश के तरीके को मार्जिन इंवेस्टिंग कहा जाता है। बेशक इस तरह से अच्छा रिटर्न कमाया जा सकता है। लेकिन, इसमें नुकसान भी बहुत ज्यादा होता है। इस तरह के निवेश के तरीके से हमेशा ही बचना चाहिए। बाजार में अस्थिरता के वक्त तो और भी चौंकन्ना हो जाना चाहिए।



## इक्विटी एनालिसिस सीखना आसान

# ऐसे कर सकते हैं शुरूआत

**मार्केट मंत्र** | **बिजनेस डेस्क**

जब आप इक्विटी में निवेश करने जाते हैं तो सबसे मुश्किल काम एनालिसिस समझा जाता है। एक छात्र कॉलेज में स्टॉक मार्केट गेम्स खेला करता था। उन्हें इस गेम में मजा आया, लेकिन वह यह भी जानता था कि यह पैसा बनाने का भरोसेमंद तरीका नहीं है। उसके बाद वे इक्विटी एनालिसिस कॉम्पिटिशन में शामिल हुआ और उन्हें पता चला कि उस फोरम में जिन केस पर चर्चा हुई, वे बेहद पेचीदा थे। क्या किसी नए शख्स के लिए इक्विटी एनालिसिस शुरू करने का कोई आसान तरीका हो सकता है? अगर किसी ने फाइनेंस की पढ़ाई नहीं की है तो वह इक्विटी एनालिसिस सीखने की शुरुआत कैसे करे? आइए जानते हैं। इक्विटी एनालिसिस में कई फैक्टर्स शामिल होते हैं। इसमें आपको सूचनाओं का गंभीरता से विश्लेषण करना पड़ता है। हालांकि, बुनियादी कॉन्सेप्ट्स सिंपल और सीधे हैं। आपको यह देखना होता है कि कंपनी में ऐसी क्वॉलिटी है, जिससे उसका मुनाफा लंबे समय तक बढ़ता रहे? यह सबसे बड़ा सवाल होता है। अगर जो भी एनालिसिस करें, उससे यह पता चलना चाहिए। यह नए बिजनेस के लिए मार्केट ऑपर्च्युनिटी हो सकती है या प्रमोटर्स की समझदारी या प्रॉडक्ट्स तैयार करने का इनोवेटिव तरीका, जिससे कम समय में कंपनी बाजार के बड़े हिस्से पर कब्जा कर ले। इन सभी कामकाज का असर आखिरकार कंपनी के मुनाफे पर पड़ता है।

#### ऐसे समझें

एक ऐसे बिजनेस की कल्पना करिए, जिसकी शुरुआत प्रमोटर्स ने अपने जेब से लगाए पैसे से की हो। इनवेस्टर्स को रिटर्न देने के लिए बिजनेस को एसेट्स की जरूरत पड़ेगी, जिससे वह कोई प्रॉडक्ट बना सके या सर्विस ऑफर कर सके। यह पैसा इस काम के लिए लगाया जाता है और इससे फिर आमदनी होने लगती है। एनालिसिस की शुरुआत इससे की जा सकती है कि कंपनी सेल्स से जो कमाई कर रही है, उससे मुनाफा होगा। टैक्स के बाद जो मार्जिन बचता है, वह इनवेस्टरों के लिए होता है। इसलिए सबसे पहले आपको इस आंकड़े पर नजर डालनी चाहिए। उसके बाद यह सवाल करना चाहिए कि सेल्स में कैसे बढ़ोतरी होगी? क्या कंपनी ट्रेडिंग बिजनेस से जुड़ी हुई है? क्या वह पैसों का इस्तेमाल सामान खरीदने के लिए करती है। इस स्टॉक के क्लीयर होने पर उसे मुनाफा होने लगेगा। कुछ कैपिटल बिजनेस की एसेट्स में ब्लॉक हो सकता है। हालांकि, एसेट्स से जितनी सेल्स हासिल होगी, इनवेस्टर्स का रिटर्न उतना ही अच्छा होगा।

#### ऐसे करें आकलन

मान लीजिए कि किसी बिजनेस की शुरुआत 100 रुपये से होती है। इस पैसे को फिक्स्ड एसेट्स, स्टॉक और मैटीरियल्स में लगाया जाता है। इससे फिर सामान तैयार किया जाता है। साल के अंत में 150 रुपये की बिक्री हासिल होती है, जिसकी लागत 125 रुपये रहती है। इसमें टैक्स के बाद 25 रुपये का मुनाफा होता है। ऐसे में इनवेस्टर्स का रिटर्न 25 पर्सेंट होगा। अब मान लीजिए कि उस कैपिटल से कंपनी को 300 रुपये की सालाना सेल्स हासिल होती है क्योंकि वह साल में दो बार उतना सामान तैयार करके बेचती है। तब इनवेस्टरों का रिटर्न दोगुना हो जाएगा। एक बिजनेस जो कैपिटल की मदद से अधिक सेल्स हासिल करता है और वह एसेट्स में पहले जितना ही इनवेस्टमेंट करता है तो शेयरहोल्डर्स को अधिक रिटर्न मिलता है। एसेट्स टु सेल्स टर्नओवर से इनवेस्टर्स का रिटर्न बढ़ता है। सेल्स-एसेट्स ऐसा डेटा है, जिससे इनवेस्टर को बिजनेस की एसेट प्रॉडक्टिविटी का पता चलता है।

#### कर्ज की समझ जरूरी

तीसरी चीज कर्ज है। अगर कोई बिजनेस कैपिटल पर 25 फीसदी का रिटर्न हासिल करता है, तो प्रमोटर्स 10 फीसदी पर कर्ज लेकर उसमें इनवेस्ट करना पसंद करेंगे। मान लीजिए कि बिजनेस में 50 फीसदी इक्विटी और 50 फीसदी बॉरोइंग है। तब क्या होगा? उस वक्त ब्याज चुकाने के बाद मुनाफा 25 रुपये से घटकर 20 रुपये रह जाएगा। हालांकि, 50 रुपये के इक्विटी पर 20 रुपये के रिटर्न 40 फीसदी होगा। यह पहले के 25 फीसदी रिटर्न से अच्छा है। इसलिए एसेट टु नेटवर्थ डाटा को भी देखना चाहिए। रिटर्न ऑन इक्विटी प्रॉफिट मार्जिन, सेल्स एसेट्स और एसेट्स नेटवर्थ से डिसाइड होता है।



#### इक्विटी के दम से पूरे करें सपने

किसी भी लॉन्ग टर्म इनवेस्टमेंट में रिस्क रिवॉर्ड रेशियो का ज्यादा झुकाव इक्विटी इनवेस्टमेंट की तरफ होता है। रिस्क फ्री फिक्स्ड इनकम इनवेस्टमेंट की श्रेष्ठता तब धरी-की-धरी रह जाती है, जब हमें समझ आता है कि जोखिम से आजादी दिखने वाली चीज असल में कुछ हाथ नहीं आने की आजादी है। ये बात हमें तब समझ आती है जब हम रियल, इन्फ्लेशन एडजस्टेड, टैक्स बाद रिटर्न पर गौर करते हैं। हम जैसे ही इक्विटी निवेश की अपरिहार्यता को स्वीकार कर लेते हैं, हमारे सामने तुरंत यह सवाल आता है कि यह मुश्किल काम किया कैसे जाए?

#### निवेश के दो तरीके

जिन लोगों ने पहले कभी शेयरों में निवेश नहीं किया है उनके लिए यह तय करना मुश्किल है कि शुरुआत कहां से की जाए। वैसे इक्विटी निवेश के दो तरीके होते हैं। एक तरीका यह है कि आप शेयरों का चुनाव और खरीद-फरोख्त खुद करें। दूसरा, इक्विटी फंड्स के जरिए निवेश करें। दोनों का अंतिम मकसद एक ही होता है- इक्विटी से सुपीरियर रिटर्न हासिल करना। हालांकि, दोनों एक्टिविटीज एक दूसरे से एकदम अलग हैं। अगर आप एक्सपर्ट नहीं हैं या इसके लिए ज्यादा वक्त देने को तैयार नहीं हैं तो खुद निवेश करने के बारे में सोचने का कोई फायदा नहीं। ऐसे में म्यूचुअल फंड्स बेहतर विकल्प होंगे। ऐसे कई लोग हैं, जो अपना पोर्टफोलियो खुद मैनेज कर रहे हैं और बेहतर रिटर्न पा रहे हैं। हालांकि, 100 में से 5 या 10 को कामयाबी मिल पाती है। इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेश से इन दिक्कतों से छुटकारा पाया जा सकता है। इक्विटी निवेश का मूल मंत्र यह है कि आपकी नजर में कामयाब स्टॉक इनवेस्टिंग क्या है और इंफॉर्मेशन, एनालिसिस के आधार पर बनी निवेश योजना को अंजाम देने की क्षमता कितनी है। लेकिन म्यूचुअल फंड्स के जरिए इक्विटी निवेश के बहुत ज्यादा फायदे हैं। सबसे बड़ा लाभ यह है कि इसमें अनुशासित डायवर्सिफिकेशन होता है। फंड मैनेजर्स संस्थागत दायरे में काम करते हैं जिसमें उन पर निवेश के कुछ नियम लागू होते हैं। इसमें पोर्टफोलियो डायवर्सिफाइड रहेगा और इंडिविजुअल शेयर, सेक्टर या स्टॉक टाइप को लगने वाले झटके से सुरक्षित रहेगा। दूसरा फायदा यह होता है कि इसमें छोटी रकम से निवेश शुरू किया जा सकता है। म्यूचुअल फंड्स में आप कुछेक हजार रुपये से शुरुआत कर सकते हैं। यह आसान भी होता है। इक्विटी फंड्स का एक और फायदा ये होता है कि लॉन्ग टर्म में इनसे ज्यादा रिटर्न मिलता है। शेयरों के अट्रैक्शन के हिसाब से सभी इक्विटी पोर्टफोलियो में उनकी कुछ खरीदफरोख्त होती है।

## ये पांच खूबियां, तभी निवेश में कामयाबी

बिजनेस डेस्क

लोकप्रिय मान्यता के विपरीत, पैसे कमाने के लिए प्रतिभा और कौशल की उतनी जरूरत नहीं होती है जितना उस दिशा में आगे बढ़ने के लिए सही दृष्टिकोण का होना जरूरी होता है। आप शानदार रणनीतियां बनाते हैं, लेकिन उन पर अमल नहीं करते हैं तो आप ज्यादा कुछ नहीं कर पाएंगे। सफल निवेशक, अपने निवेश के मार्ग पर दृढ़ता और धैर्य के साथ आगे बढ़ते रहते हैं और लक्ष्य तक पहुंच कर ही मानते हैं। अगर आप भी निवेशक के तौर पर कामयाबी हासिल करना चाहते हैं तो आपे में पांच खूबियां जरूर होनी चाहिए।

#### पहले बचत, बाद में खर्च

सफल निवेशक महीने की शुरुआत बचत से करते हैं और खर्च बाद में करते हैं। पहले बचत करने से खर्च पर नियंत्रण रखने में मदद मिलती है। पैसे बनाने के लिए आपका भी पहला कदम यही होना चाहिए। आप ऑटोमैटिक तरीके से महीने की शुरुआत में ही अपनी बचत को लॉक कर सकते हैं। आप बैंक को आपके रेकरिंग डिपॉजिट अकाउंट या म्यूच्यूअल फंड एसआईपी के लिए हर महीने की शुरुआत में ही कुछ रकम काट लेने का स्थायी निर्देश दे सकते हैं।

#### उद्देश्य के अनुसार निवेश

व्यावहारिक लक्ष्य निर्धारित करना और उसी के हिसाब से निवेश करना एक और ऐसी ही खूबी है जो काफी फायदेमंद साबित होती है। इस बात पर ध्यान देते हुए कि संसाधन सीमित हैं, आपको अपने लक्ष्यों की प्राथमिकता के आधार पर रैंकिंग करनी चाहिए और अपने निवेश लक्ष्य के अनुसार निवेश साधनों का चयन करना चाहिए। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, शादी-ब्याह और रिटायरमेंट की प्लानिंग जैसे लक्ष्य दीर्घकालिक होते हैं और इसके लिए आपको म्यूच्यूअल फंड्स और पीपीएफ जैसे साधनों में निवेश करना चाहिए। दूसरी तरफ, कार खरीदना या छुट्टी में घूमने जाना जैसे लक्ष्यों को पूरा करने के लिए लिक्विड फंड्स, रेकरिंग डिपॉजिट जैसे अल्पकालिक निवेश साधनों में निवेश किया जा सकता है।

#### जोखिम उठाने की क्षमता

सफल निवेशक जोखिम उठाने से घबराते नहीं हैं। अच्छा रिटर्न पाने के लिए आपको जोखिमवाले निवेश साधनों में निवेश करना चाहिए। अपना सारा पैसा किसी पारंपरिक संपत्ति में लगाकर आप ज्यादा मुनाफा नहीं कमा पाएंगे। यहां तक कि अधिकांश पारंपरिक संपत्तियों में भी थोड़ा-बहुत जोखिम तो होता ही है। ब्याज दरें समय-समय पर घटती-बढ़ती रहती हैं। उठाए जानेवाले जोखिम को किसी अच्छे रिस्क मैनेजमेंट प्लान की मदद से सुरक्षित किया जा सकता है।

#### निवेश में लाएं विविधता

अनुभवी निवेशक किसी एक एसेट पर ध्यान देने के बजाय अलग-अलग ऐसेट्स में निवेश करते हैं। उनका कहना है कि अपने सारे अंडे एक ही टोकरी में न रखें। अलग-अलग निवेश साधनों में अलग-अलग रिटर्न मिलने की संभावना रहती है और जोखिम भी अलग-अलग होता है। इक्विटी में बहुत अच्छा रिटर्न मिलता है लेकिन यह बहुत परिवर्तनशील होता है। ऋण निवेश साधनों (डेट इन्वेस्टमेंट इंस्ट्रूमेंट्स) में थोड़ा कम जोखिम होता है और कम रिटर्न मिलता है। दूसरी तरफ, रियल एस्टेट सम्बन्धी निवेश में कम जोखिम होता है और अच्छा रिटर्न भी मिलता है लेकिन इसमें लिक्विडिटी का अभाव होता है। इसलिए, पोर्टफोलियो बनाते समय किसी एक ऐसेट पर ध्यान देने के बजाय अलग-अलग ऐसेट्स में निवेश करना बेहतर होता है। इस तरह जोखिम भी कम हो जाएगा और रिटर्न से समझौता भी करना नहीं पड़ेगा।

#### पैसे निकालने की आदत छोड़ दें

अंतिम लेकिन बिल्कुल महत्वपूर्ण बात यह है कि आपको अपने निवेश के मामले में धैर्य रखना पड़ेगा। सफल निवेशक किसी के कहने पर या इधर-उधर की बातों या विज्ञापनों पर आंख मूंदकर भरोसा करके पैसे निकालने की गलती नहीं करते हैं। मच्योरिटी से पहले निवेश की रकम निकाल लेने से लक्ष्य आधारित निवेश का उद्देश्य पूरा नहीं हो पाता है। अपने निवेश पर अटल रहने के लिए निवेश के उद्देश्य को याद रखना जरूरी है। दीर्घकालिक निवेशों को अबाधित छोड़ देने पर अच्छा रिटर्न मिलने की संभावना रहती है। इसलिए समय से पहले अपने निवेश को भंजाने की गलती न करें।

## सचेत रहते हुए रणनीति बनाएं, तभी गिरते बाजार में कमा पाएंगे निवेशक

**अलर्ट** | **बिजनेस डेस्क**

इस समय शेयर बाजार में लगातार गिरावट को दौर जारी है। ऐसे में निवेशकों को भी अलर्ट रहना होगा। भारतीय शेयर बाजार जबरदस्त हलचल से भरा हुआ है। निफ्टी 50 लगातार गिरावट के दौर से गुजर रहा है और अगर आगे भी यह ट्रेंड जारी रहा, तो यह 28 साल में अपनी सबसे लंबी गिरावट दर्ज करेगा। इससे पहले 1996 में ऐसी गिरावट देखने को मिली थी। निफ्टी लगातार पांच महीने तक गिरा है। लगातार गिरावट के इस माहौल में निवेशकों के मन में बड़ा सवाल है अब आगे की रणनीति क्या बनाई जाए, ताकि कुछ वसूली हो सके और निवेशक घाटे से उबर सकें। ऐसे में क्या करें, बाजार से बाहर निकलें? धैर्य बनाए रखें? (लेकिन कब तक?) या नए अवसरों की तलाश करें? इस रिपोर्ट में आपको ऐसे ही कुछ सवालों के जवाब मिलेंगे जो आपको बाजार की सही दिशा के बारे में जागरूक कर सकते हैं।

**इस समय एक गिरावट तोड़ सकती है निफ्टी का 28 सालों का रिकार्ड**

#### बाजार के आंकड़े किधर जा रहे

एक्सपर्ट्स की राय जानने से पहले बाजार की स्थिति पर एक नजर डालते हैं। निफ्टी पिछले साल सितंबर से गिर रहा है और इसमें लोअर टॉप-लोअर बॉटम पैटर्न बन रहा है। अक्टूबर 2024 से अब तक यह 11.7% गिर चुका है। फरवरी के पहले कुछ हफ्तों में ही इसमें 3% की गिरावट दर्ज हो चुकी है। सन 1990 के बाद से सिर्फ दो बार ऐसा हुआ है जब निफ्टी लगातार पांच महीने तक गिरा हो। पहली बार 1994-95 में जब यह 31.4% टूटा था और दूसरी बार 1996 में जब यह 26% गिरा था। मौजूदा गिरावट तुलनात्मक रूप से कम है, लेकिन चिंताजनक बनी हुई है। विदेशी निवेशकों की बिकवाली एक बड़ी वजह बन रहा है। अक्टूबर 2024 से एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेशक) 2 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की बिकवाली कर चुके हैं। वैश्विक कारणों को हम नजरअंदाज नहीं कर सकते। चीन के बाजारों में जबरदस्त रिकवरी आई है, जिससे विदेशी निवेशक वहां शिफ्ट हो रहे हैं। इसके अलावा, अमेरिकी नीतियां भी उभरते बाजारों पर असर डाल रही हैं।

#### निवेशक क्या करें

एक्सपर्ट्स का मानना है कि मौजूदा गिरावट में सावधान रहने की जरूरत है मगर घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि यह एक रणनीतिक निवेश का अवसर भी हो सकता है। अब सवाल उठता है कि इस रणनीतिक निवेश की दिशा क्या होगी? हम ब्रोकरेज हाउस और एक्सपर्ट्स की राय के आधार पर इन्हें बिंदुवार रखते हैं।

#### निवेशकों के लिए धैर्य जरूरी

अगर आप लंबी अवधि के निवेशक हैं, तो आपको घबराने की जरूरत नहीं है। स्टॉक मार्केट में उतार-चढ़ाव सामान्य बात है। निफ्टी 50 का एक साल का फॉरवर्ड पी/ई अपने दीर्घकालिक औसत से नीचे कारोबार कर रहा है, जिसका मतलब है कि यह भविष्य में मजबूती पकड़ सकता है।

#### नई खरीदारी का सही समय

कुछ एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह खरीदारी का एक अच्छा अवसर हो सकता है। एसबीआई सिक्योरिटीज सलाह देता है कि निवेशक बॉटम-अप स्टॉक-पिकिंग रणनीति अपनाएं और चरणबद्ध तरीके से उच्च गुणवत्ता वाले स्टॉक में निवेश करें।

#### ट्रेडर्स के लिए क्या रणनीति

अगर आप शॉर्ट-टर्म ट्रेडर हैं, तो यह समय सतर्क रहने का है, जानकारों का कहना है कि जब तक निफ्टी 22,850 के नीचे बना रहेगा, तब तक बिकवाली का दबाव रहेगा। गिरावट की स्थिति में 22,500-22,400 के स्तर तक जाने की संभावना है। ऐसे में ट्रेडर्स को स्टॉप-लॉस का सख्ती से पालन करना चाहिए।

#### टैक्स हार्वेस्टिंग का लाभ उठाएं

अगर आपने इस साल कुछ नुकसान उठाया है, तो आप इसे टैक्स बचाने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं।एसबीआई सिक्योरिटीज का सुझाव है कि अगले पांच हफ्तों में टैक्स हार्वेस्टिंग रणनीतियों पर ध्यान देना चाहिए। यह लॉन्ग-टर्म कैपिटल गेन टैक्स को संतुलित करने में मदद कर सकता है।

#### विदेशियों की रणनीति पर ध्यान दें

एक अन्य विशेषज्ञ के अनुसार, वर्तमान में 'भारत बेचो, चीन खरीदो' की रणनीति अपनाई जा रही है, लेकिन यह ट्रेंड हमेशा के लिए नहीं रहेगा। उभरते बाजारों में पैसा फिर से लौटेगा, और जब ऐसा होगा तो भारतीय शेयर बाजार को भी इसका लाभ मिलेगा।

#### कौन-से सेक्टर में निवेश करें

- आईटी सेक्टर : रुपये की कमजोरी के कारण आईटी कंपनियों को फायदा हो सकता है।
- बैंकिंग और फाइनेंस : मजबूत फंडामेंटल्स वाली कंपनियां इस गिरावट के बाद तेजी से उभर सकती हैं।
- रक्षा और मैन्युफैक्चरिंग : सरकार की मेक इन इंडिया पहल के कारण इन सेक्टर्स में ग्रोथ देखने को मिल सकती है।
- फार्मा और हेल्थकेयर : लंबी अवधि के लिए यह एक स्थिर निवेश विकल्प हो सकता है।

#### यह रखें ध्यान

कुल मिलाकर निफ्टी 50 ऐतिहासिक गिरावट के करीब जरूर है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि निवेशकों को घबराकर बाजार से बाहर निकल जाना चाहिए, यह एक ऐसा समय है जब सही रणनीति और धैर्य के साथ काम करने की जरूरत है। मार्केट एक्सपर्ट्स से मिली सीख यह है कि लॉन्ग-टर्म निवेशक गुणवत्तापूर्ण स्टॉक्स को होल्ड करें, शॉर्ट-टर्म ट्रेडर्स स्टॉप-लॉस के साथ चलें, और नए निवेशक चरणबद्ध तरीके से मजबूत कंपनियों में निवेश करें. बाजार में उतार-चढ़ाव हमेशा आते हैं, लेकिन स्मार्ट निवेशक वही होते हैं जो इन मौकों का सही इस्तेमाल करना जानते हैं।

1 MARCH- BSP-PG-5_Layout 1 3/2/2025 12:15 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### कोल इंडिया के सामान्य मजदूर अब होंगे सामान्य सहायक

**बिलासपुर।** कोल इंडिया ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में यहां काम कर रहे जनरल मजदूर के पद नाम को संशोधित करते हुए अब उन्हें जनरल असिस्टेंट के नाम से संबोधित करेंगे। इस संबंध में 28 फरवरी को सीआईएल के महाप्रबंधक (श्रम शक्ति एवं औद्योगिक संबंध) गौतम बनर्जी ने कार्यालय ज्ञापन जारी किया है। इसमें उन्होंने बताया कि जेबीसीसीआई की मानकीकरण समिति की चौथी बैठक में जनरल मजदूर के नामकरण को लेकर कोल इंडिया में सहमति बनी थी। इसके बाद ही कोल इंडिया लिमिटेड प्रबंधन ने सामान्य मजदूर के पदनाम में बदलाव किया है। सामान्य मजदूर अब सामान्य सहायक कहलाएंगे।

### कांग्रेस ने फूंका केन्द्र सरकार व ईडी का पुतला, पुलिस के साथ छीनाझपटी



**बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस शहर, ग्रामीण द्वारा शनिवार को नेहरू चौक पर केन्द्र सरकार और ईडी का पुतला दहन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वहां पर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। वहीं पुतला दहन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच पुतला की छीनाझपटी भी हुई। कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता पहले कांग्रेस भवन में एकत्रित हुए। कांग्रेस भवन से एक साथ सभी केन्द्र सरकार एवं ईडी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नेहरू चौक पहुंचे। नेहरू चौक पर पहले से पुलिस के जवान तैनात थे। कांग्रेसियों को आते देख पुलिस वहां पर घेराबंदी कर पुतला को कांग्रेस कार्यकर्ताओं के हाथ से छीनने का प्रयास की, किन्तु असफल रहे। पुलिस को छकाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन किया। इतने में पुतले को जलता देखकर पुलिस वाले बॉटल में पानी लेकर पुतला की आग बुझाने के लिए दौड़े तो कांग्रेसी भी जलता पुतला लेकर दौड़ते रहे। पुतला दहन के अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि भाजपा प्रजातांत्रिक मर्यादाओं को लांघ रही है। विपक्ष के साथ भाजपा ने छत्तीसगढ़ सहित देश में एवं अन्य राज्यों में जो व्यवहार कर रही है वह स्वीकार्य नहीं है। आज के इस प्रदर्शन में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय सहित रामशरण यादव, राजेन्द्र साहू, शिवा मिश्रा, पंकज सिंह, जितेन्द्र पांडेय, राकेश शर्मा, ऋषि पांडेय, समीर अहमद, आशीष गोयल, विनोद साहू, सुभाष ठाकुर, अशोक सूर्यवंशी, चन्द्रहास केशरवानी, शहजादी कुरैशी, आदि शामिल रहें।

### एसपी ने किया पुलिस पेट्रोल पंप में कार्यरत कर्मचारियों को हेलमेट वितरण



**बिलासपुर।** एसपी रजनेश सिंह के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल करियारे के मार्गदर्शन में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार मोटरयान अधिनियम के तहत सघन चालानी कार्रवाई की जा रही है। वहीं पर संवेदनशील पुलिसिंग के तहत सड़क दुर्घटनाओं में बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले व्यक्तियों की आकस्मिक दुर्घटना को देखते हुए और ऐसे दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से आहत व्यक्तियों की मानवीय क्षति को ध्यान में रखते हुए पुलिस पेट्रोल पंप के पास पेट्रोल पंप में कार्यरत कर्मचारियों एवं आम जरूरतमंद नागरिकों को एसपी श्री सिंह की हाथों हेलमेट का वितरण किया गया। लोगों में हेलमेट के प्रति जन जागरूकता व्यापक रूप से बन सके। आज के इस हेलमेट वितरण अभियान कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे, डीएसपी शिव चरण परिहार, डीएसपी मंजुलता केरकेट्टा, एस आई राज सिंह सहित पुलिस के अधिकारी व जवान उपस्थित थे। अभियान चलाकर इस दौरान अन्य जिलों से वीआईपी ड्यूटी में आए पुलिस के जवानों द्वारा शहर में 3 सवारी चलते पाए गए। जिस पर एसपी के निर्देश पर यातायात पुलिस ने टीएमएस के माध्यम से तीन सवारी का 500 रुपए का ई-चालान जुर्माना भेजा।

**नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू** | **अगले सत्र से तीसरी के छात्र 6 सब्जेक्ट और 6 वीं के बच्चे पढ़ेंगे 9 विषय**

# 10 लाख बच्चों के लिए छपेंगी नई किताबें, शिक्षा में कई बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 लागू करने के तहत छत्तीसगढ़ में स्कूली और उच्च शिक्षा में कई बदलाव किए जा रहे हैं। कक्षा पहली, दूसरी, तीसरी और 6वीं में नए विषय जुड़ रहे हैं। तीसरी में अब बच्चे 4 की जगह 6 विषय पढ़ेंगे। वहीं, 6वीं के छात्रों को 6 की जगह 9 विषय पढ़ाए जाएंगे। तीसरी में आर्ट और फिजिकल एजुकेशन (योग) जोड़ा जा रहा है। जबकि 6वीं में आर्ट, फिजिकल एजुकेशन और वोकेशनल कोर्स शामिल किया जा रहा है।

इन विषयों के अंतर्गत तीसरी व 6 वीं के लिए पाठ्यक्रम भी तैयार हो गया है। दोनों कक्षाओं के लिए सैंपल किताबें भी छप चुकी हैं। अब नया सत्र शुरु होने से पहले करीब 10 लाख बच्चों के लिए बल्क में किताबें छापी जाएंगी। इसके बाद अगले सालों में एक-एक कक्षाओं के लिए किताबें छपती जाएंगी। ध्यान रहे कि अभी 6वीं में हिंदी, संस्कृत, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान व सामाजिक विज्ञान के विषय हैं। अधिकारियों के अनुसार एनसीईआरटी ने स्कूली पाठ्यक्रमों में बदलाव किए हैं। उसी के तहत यहां भी नए विषयों को शामिल किया गया है। पहले चरण में कक्षा 1,2,3 और 6वीं में कुछ बदलाव हुए हैं। जल्द ही इन विषयों की किताबों की छपाई के लिए पाठ्यपुस्तक निगम को पांडुलिपियां भेजी जाएंगी। इसके बाद आने वाले सत्रों में बाकी कक्षाओं के सिलेबस में चरणबद्ध बदलाव किए जाएंगे। अभी जिस तरह छात्रों को मुफ्त में पुस्तकें दी जा रही हैं, उसी तरह नए विषयों की किताबें भी छात्रों को फ्री में मिलेंगी। नए विषयों को जोड़ने की कवायद इस पूरे सत्र के दौरान की गई। इसके लिए 5 दिन सभी विषयों के लिए अलग-अलग कार्यशालाएं हुईं। इनमें 200 से ज्यादा शिक्षाविद, विषय विशेषज्ञ, भाषाविद, सांस्कृतिक कर्मी, साहित्यकार, सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकारों, स्कूलों के प्राचार्य-शिक्षक, प्रोफेसर और छात्रों के पालकों को भी आमंत्रित किया गया था।

### स्थानीय बोली पाठ्यक्रम में शामिल

स्कूली पाठ्यक्रम में छत्तीसगढ़ी और स्थानीय बोलियों पर भी जोर दिया जा रहा है। इसके तहत आदिवासी क्षेत्र के बच्चे स्थानीय बोली जैसे- हल्बी, गोंडी में पढ़ाई करेंगे। पहली से 5वीं की किताबों में इन्हें शामिल किया जाएगा। जानकारों ने बताया कि इसके लिए विषय विशेषज्ञों की कमेटी बनाई गई है। अगले कुछ दिनों में पाठ्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर ली जाएगी।

### इस तरह से होगा बच्चों को फायदा

शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक पालक, बच्चों या शिक्षकों में ऐसी मानसिकता बन चुकी है कि वह स्कूलों में पढ़ाए जाने वाले विषयों को श्रेणी में बांट देते हैं। जैसे गणित को सबसे ऊपर, इसके बाद साइंस, व कॉमर्स और आर्ट। जबकि सभी विषयों के अपने महत्व हैं। अब नई किताबों के माध्यम से सभी विषयों में बच्चों के लिए बेहतर संभावनाएं होंगी। पाठ्यक्रम की रूपरेखा एनसीआरटी (नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग) से ली गई है।

### परीक्षा लेने का पैटर्न तैयार होना बाकी

अधिकारियों के मुताबिक तीसरी के बाद चौथी की किताबें वहीं 6वीं के बाद 7वीं कक्षा के लिए किताबें ये सिलसिला 12वीं तक चलेगा। खास बात यह है कि शुरू किए जा रहे नए विषय वैकल्पिक नहीं हैं बल्कि ये सभी छात्रों के लिए अनिवार्य हैं। सभी को इन विषयों की पढ़ाई करनी होगी। सभी विषयों की पढ़ाई के लिए घंटे भी निर्धारित कर लिए गए हैं। इसी सत्र से किताबें स्कूलों तक पहुंच जाएंगी। वहीं इन विषयों के पाठ्यक्रम को बच्चों को पढ़ाने के लिए शिक्षको को ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित कर ट्रेनिंग देंगे। इसकी तैयारी भी पूरी कर ली गई है। बस इन विषयों के लिए बच्चों की परीक्षा लेने का पैटर्न तैयार होना बाकी है।

### पाठ्यपुस्तक निगम को हैंडओवर की जाएगी

कक्षा 1,2,3 और 6 की एनसीईआरटी की किताबों को छत्तीसगढ़ की बौद्धिक, सांस्कृतिक और विरासतीय संदर्भों और स्थानीय अस्मिताओं को ध्यान में रखते हुए अपडेट किया जा रहा है। इन किताबों की पांडुलिपि आने वाले दिनों में तैयार कर पाठ्यपुस्तक निगम को हैंडओवर की जाएंगी।

**- जेपी रथ,** उप संचालक, एससीईआरटी

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल ने की नियुक्ति

# प्रो. घोष सीवीआरयू के व प्रो. दुबे आरएनटीयू के नए कुलपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो रवि प्रकाश दुबे रवींद्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी भोपाल मध्यप्रदेश के कुलपति नियुक्त किए गए हैं। डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर में प्रदीप कुमार घोष ने नए कुलपति के रूप में पदभार ग्रहण किया है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने प्रो घोष को नया कुलपति नियुक्त किया है। डॉ. सीवी रमन विवि कुलपति प्रो दुबे के नेतृत्व में 16 साल विश्वविद्यालय में प्रगति के बड़े सोपान तय किए। उन्होंने 2009 में गणित के प्राध्यापक के रूप में डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय में ज्वाइन किया था। इसके बाद भी इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष नियुक्त किए गए। 2013 में प्रो दुबे को सम कुलपति नियुक्त किया गया। वर्ष 2016 को राज्यपाल ने उन्हें कुलपति नियुक्त किया। पहले टर्म उनके मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय में अकादमिक आधोसंरचना एवं प्रशासन की दृष्टि से प्रगति की। उसके बाद उन्हें दूसरे टर्म के लिए राज्यपाल ने पुनः नियुक्त किया। जो कार्यकाल 2021 से 2024 तक रहा। प्रो दुबे के नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने इंजीनियरिंग, प्रबंधन ,साइंस, फार्मेसी, खेल, सहित सभी क्षेत्र में प्रगति की। इसके साथ-साथ खेल सुविधाओं का भी विस्तार उनके निर्देशन में किया गया।

विश्वविद्यालय में वैश्विक स्तर की खुली सुविधाएं हैं। विश्वविद्यालय को नैक द्वारा ए ग्रेड भी प्रो रवि प्रकाश दुबे के नेतृत्व में ही प्राप्त हुआ है।

### प्रो. घोष ने पदभार ग्रहण किया

नए कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष स्वामी विवेकानंद टेक्निकल यूनिवर्सिटी में अपनी सेवाएं दी है। उन्होंने शनिवार को डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में पदभार ग्रहण किया। वे विज्ञान और तकनीक के विद्वान हैं। उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय उत्तरोत्तर प्रगति करेगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अरविंद तिवारी, अधिष्ठाता अकादमिक डॉ.जयती चटर्जी, उप कुलसचिव, सहायक कुलसचिव, विभागाध्यक्ष,प्राध्यापक उपस्थित रहे।

मरीजों को मिली नई सुविधा

# कलेक्टर ने सिम्स में किया दो नई लिफ्ट का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



कलेक्टर अवनीश शरण व नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार व जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने सिम्स चिकित्सालय में स्थापित नई दो लिफ्टों का लोकार्पण कर मरीजों को सौगात दी।

जानकारी के अनुसार सिम्स चिकित्सालय में स्थापना के बाद ही प्रतिदिन मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। पूर्व में सिम्स में स्थापित की गई 7 लिफ्ट में लगातार दबाव व मरीजों को होने वाली परेशानियों को देखते हुए कलेक्टर ने दो नई लिफ्ट लगाने का सुझाव पूर्व में दिया था, जिस पर निरंतर कार्य चल रहा था। इसके लिए जिला खनिज न्यास मद से कुल राशि 78 लाख 32 हजार रुपए स्वीकृत हुए थे। यह कार्य पी डब्ल्यूडी द्वारा कराया गया। इसका लोकार्पण 1 मार्च को कलेक्टर, कमिश्नर, अधिष्ठाता डा. रमणेश मूर्ति व चिकित्सा अधीक्षक डा. लखन सिंह की मौजूदगी में किया गया। अब यह लिफ्ट मरीजों के लिए चालू कर दी गई है।

### सहायक अधीक्षक टंडन सेवानिवृत्त



संयुक्त आयुक्त राज्यकर बिलासपुर संभाग क्रमांक एक में सहायक अधीक्षक के पद पर पदस्थ आरपी टंडन 43 वर्ष की सेवा करने के बाद 28 फरवरी को सेवानिवृत हो गए। उन्हें यदुनंदन नगर जीएसटी भवन में कार्यक्रम आयोजित कर भाव भीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर संभाग आयुक्त आलोक सिंह, एमपीएस तिवारी, आलोक जायसवाल, सुमित महोबिया, सहायक आयुक्त नीलमणी टोप्पो, सुषमा लाल, राजेश टंडन, ईश्वर पटेल, महेन्द्र तिवारी, लता वाशिंग, दिलेश्वर भंडारी, ईश्वर मिरी, देवचरण डहरिया, शंकर लाल बर्मन, रमेश खुटले, धनेश कोशले, दीपक खुंटे, राजू पुरेना आदि मौजूद थे।

## बिजनेस प्लस

### श्री जगन्नाथ मंगलम सेल में 90% तक की छूट



**बिलासपुर।** श्री जगन्नाथ मंगलम में पहली बार एक अनोखी और ओरिजिनल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है, जहां ग्राहकों को विभिन्न रेडीमेड गारमेंट्स पर सीधे रिटेल स्तर पर 90 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। यह ऑफर बिलासपुर के इतिहास में अब तक का सबसे हॉट ऑफर माना जा रहा है। सेल के अंतिम 3 दिन शेष है। संचालक ने बताया कि मेंस गारमेंट्स मात्र 150 से 550 रूपए में उपलब्ध है जिसमे मुख्यतः जेंट्स टी-शर्ट 250, कैजुअल टी-शर्ट 150, जेंट्स जीन्स 250 रूपए व जेंट्स लोअर बर्मुडा 200 रूपए में दिए जा रहे हैं। लेडीज गारमेंट्स मात्र 100 से 350 रूपए में उपलब्ध है, जिसमें मुख्यतः लेडीज वेस्टर्न टॉप 100 रूपए में, लेडीज लोअर प्लाजो 100, लेडीज़ स्कर्ट केप्री 200 रूपए व फैंसी कॉटन कुर्ती 200 रूपए में दिए जा रहे हैं। किड्स गारमेंट्स मात्र 100 से 450 रूपए में दिए जा रहे हैं, जिसमें प्रमुख बच्चा टी-शर्ट 100 रूपए में, बच्चा शर्ट 100 रूपए में, बच्चा लोअर 150 रूपए में, बेबी टॉप 100 रूपए में, और बच्चा फ्रॉक 250 रूपए में बेचे जा रहे हैं।

### शैल वस्त्रालय में कॉटन संग उमंग का आयोजन



**बिलासपुर।** शहर के शैल वस्त्रालय में 1 से 9 मार्च तक कॉटन कॉटन संग-हर रूप उमंग का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में भारत के विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख कॉटन उत्पादों जैसे चंदेरी, कोटा डोरिया, लिनन, खादी, मलमल, अजरख, बगरू दाबु इक्कत, संबलपुरी, कलमकारी संगानेरी शिबारी, बंधेज को एक ही स्थान पर प्रदर्शित किया गया है। ग्रीष्म ऋतु के आगमन के पहले कॉटन संग प्रदर्शनी किया जा रहा है। कॉटन से निर्मित एक अनूठा प्रयास काफी आरामदायक होते हैं। ग्रीष्म ऋतु में खासतौर पर इन्हें उपयोग में लाया जाता है। है। यह काम्फर्ट विथ स्टाइल को प्रदर्शित करता है। शैल वस्त्रालय के डायरेक्टर विवेक गुप्ता और विनय गुप्ता ने बताया कि हमारी संस्था प्रदर्शनी के माध्यम से कॉटन उत्पाद को बढ़ावा देने और पारंपरिक वस्त्रों की महत्ता को उजागर करने का लक्ष्य रखा है। भारत की सांस्कृतिक सूत और पारंपरिक कारीगरी को संजोने में शैल वस्त्रालय ने महत्वपूर्ण में निभाई है।

### संविदा नियुक्ति से नाराज वनकर्मियों ने तेंदूपत्ता बूटा कटाई से खींचा हाथ

**बिलासपुर।** वनकर्मियों ने लघुवनोपज में 90 पदों पर संविदा नियुक्ति से नाराज होकर तेंदूपत्ता बूटा कटाई व संग्रहण करने से मना कर दिया। इस प्रक्रिया के तहत वनपाल से उप वनक्षेत्रपाल पर पदोन्नत होने का रास्ता बंद कर दिया है। यदि प्रमोशन का रास्ता बंद हो जाएगा तो वनकर्मी जिस पर भर्ती हुए है, उसी में सेवानिवृत्त हो जाएंगे।

वर्ष 2009 में लघु वनोपज संघ व वन कर्मचारी संघ से समझौते के अंतर्गत उप वनक्षेत्रपाल के 180 पद स्वीकृत किए गए थे। जिससे प्रमोशन में किसी तरह अडंगा न आए। दरअसल वनपाल से उप वनक्षेत्रपाल पर पदोन्नत होने के लिए यह नियम था कि संबंधित वनपाल को एक साल के लिए प्रतिनियुक्ति पर लघुवनोपज में भेजा जाता था। प्रतिनियुक्ति समाप्त होते ही जब वनपाल मूल विभाग में वापस होता तो उन्हें उप वनक्षेत्रपाल बनाकर जहां पद रिक्त रहता पदस्थ कर दिया जाता था। पिछले कई सालों में कई कर्मचारियों को लाभ मिला। लेकिन, कुछ महीने पहले शासन स्तर पर विलोपित कर 180 पद में संविदा नियुक्ति की तैयारी थी। जिससे वनपालों की पदोन्नति प्रभावित हो रही है। इसे लेकर वन कर्मचारी संघ के बैनर तले हड़ताल व विरोध भी किया गया। शासन ने 180 पदों की संविदा पर नियुक्ति तत्काल बंद करने की बजाय केवल 90 पदों का प्रावधान रखा।

## एजुकेशन प्लस

### जेके ग्रुप में विज्ञान दिवस पर छात्रों ने प्रस्तुत किए मॉडल व पोस्टर



**बिलासपुर।** जेके ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन एम्पोवेरिंग इंडियन यूथ फार ग्लोबल लीडरशिप इन साइंस एण्ड इनोवेशन फार विकसित भारत की थीम पर किया गया। इसमें ग्रुप के नर्सिंग, फार्मेसी, इंजीनियरिंग, पालिटेक्निक, आर्ट्स एण्ड साइंस बीएड एवं डीएड के छात्र-छात्राओं ने अपने बनाए मॉडल और पोस्टर प्रस्तुत किए। इस अवसर पर छात्रों ने अपने वैज्ञानिक ज्ञान और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में छात्रों ने रोबोट सौर ऊर्जा से चलने वाले वाहन और जल शुद्धिकरण प्रणाली जैसे कार्यशील मॉडल प्रस्तुत किए। इसके अलावा छात्रों ने जलवायु परिवर्तन, नवीकरणीय ऊर्जा और चिकित्सा प्रगति जैसे विभिन्न वैज्ञानिक विषयों पर पोस्टर प्रस्तुत किए। इसका उद्घाटन संस्था के चेयरमैन के. खान एवं मुख्य अतिथि डा. एचएस होता ने किया। प्रदर्शनी में प्रस्तुत मॉडल और पोस्टर का मूल्यांकन विशेषज्ञों के एक पैनल ने किया। इसमें डा. शेखर वर्मा, डा. रचना अब्राहम, पूजा प्रजापति, भगत सिंह यादव, विकास साहू, सोनिया वाधवा, सतीश कुमार गवेल, डा. डीके जैन, डा. सीखा पहारे आदि शामिल रहे। विभिन्न श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर चेयरमैन के खान ने कहा कि विज्ञान दिवस हमारे छात्रों को रचनात्मक सोचने और वास्तविक दुनिया की समस्याओं के लिए नवीन समाधान विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करने का एक अवसर है। हम अपने छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व करते हैं। भविष्य में उनके विचारों को आकार लेते देखने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। श्री होता ने कहा कि आज का दिन हमें विज्ञान के महत्व को समझने और इसके अनुप्रयोगों को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है। विज्ञान ने हमारे जीवन को आसान बनाया हैं। और हमें नए अवसर प्रदान किए हैं। कार्यक्रम में संस्था के चेयरमैन के खान, सचिव डा. इरशाद खान, डायरेक्टर डा. आशीष सिंह के साथ सभी संस्थाओं के प्राचार्य, अध्यापक, सहायक प्राध्यापक मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### लोगों से की गई फाइलेरिया की दवा लेने की अपील



**लोरमी।** नगर पालिका के अंतर्गत सभी वार्डों के आंगनबाड़ी केंद्रों में फाइलेरिया मुक्त अभियान के तहत दवा खिलाने की प्रक्रिया जारी है। इस अभियान में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानीन एवं जन प्रतिनिधि भी अपनी भूमिका निभा रहे हैं। पार्षद सोहन डड़सेना ने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है जो कि मच्छरों के जरिए फैलती है। इसके बचाव के लिए सरकार की ओर से निशुल्क दवा दी जा रही है। सभी नागरिकों से अपील है कि इसकी दवा का सेवन जरूर करें। फाइलेरिया बीमारी से बचाव का यही एक सरल उपाय है।

### पूर्व सरपंच के साथ गाली-गलौज व मारपीट, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** शराब पकड़वाने की बात को लेकर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए पूर्व सरपंच के साथ मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया है। जानकारी के अनुसार पूर्व सरपंच जितेंद्र राज ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 28 फरवरी की रात 10 बजे वह अपने साथियों के साथ बातचीत कर रहा था तभी आरोपी मोनू वस्त्रकार, सोनू वस्त्रकार, समीर साहू एवं योगेश देवांगन आए और जितेंद्र राज पर शराब पकड़वाने का आरोप लगाते हुए उसके साथ गाली-लौज करने लगे। जब जितेंद्र राज ने गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर दी। प्रर्थी जितेंद्र की सिकायत पर पुलिस ने धारा 296, 115,2 351,2 3,5 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया है।

### स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत गैर संचारी रोग कार्यक्रम

**मुंगेली।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित गैर संचारी रोग कार्यक्रम अंतर्गत 30 वर्ष से अधिक के व्यक्तियों के लिए विशेष जांच अभियान 20 फरवरी 31 मार्च तक चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 30 वर्ष और उससे अधिक उम्र के सभी महिला-पुरूषों की जांच की जाएगी, ताकि पता लगाया जा सके कि कितने लोग गैर-संक्रामक रोगों की चपेट में हैं या इसके दायरे में आ सकते हैं। यह अभियान जिले में समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में चलाया जा रहा है। इसमें ब्लड प्रेशर, शुगर जैसी समस्या के साथ बढ़ रहे मुख कैंसर, स्तन कैंसर, गर्भाशय कैंसर की शिकायतों को नियंत्रित करने हेतु 39 दिन का स्क्रीनिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत स्वास्थ्य केन्द्रों के ओपीडी में आने वाले मरीजों से पूछताछ के साथ मितानीन और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की मदद से क्षेत्रवार सर्वे भी किया जाएगा। गैर-संचारी रोगों की रोकथाम के लिए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देश पर छत्तीसगढ़ समेत देश भर में 20 फरवरी से 31 मार्च 2025 तक विशेष स्क्रीनिंग अभियान चलाया जा रहा है।

## निधन

### सागर बाई



**बिलासपुर।** लिंगियाडीह वार्ड नंबर 52 निवासी सागर बाई का 71 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार अमरैय्या चौक स्थित मुक्तिधाम में 1 मार्च को किया गया। वे प्रेमलाल यादव की बहन, संतोष, अशोक, संतोषी और सतीश की बुआ थीं।

### रघुवीर प्रसाद देवांगन



**बिलासपुर।** रेलवे कॉलोनी निवासी रघुवीर प्रसाद देवांगन का 1 मार्च को निधन हो गया। वे 80 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार दयालबंद मधुबन मुक्तिधाम में किया गया है। वे राजेंद्र देवांगन के पिता एवं रवि कुमार देवांगन के दादा थे।

## गुणवत्ता विहीन चावल खपाने के चक्कर में राइस मिलर्स

# पीडीएस चावल की रिसाइकलिंग का खेल जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत छग शासन द्वारा हर गरीब परिवार के लिए निशुल्क चावल वितरित किया जा रहा है। खाद्यान्न को घर में सुरक्षित पहुंचाने महिला मुखिया के नाम पर राशन कार्ड बनाया गया ताकि चावल घर तक पहुंच सके। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में कई लोग सोसायटी से चावल लाकर दुकानों में बेचते हैं एवं दुकानदार उस चावल को राइसमिलर्स को बेच देते हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सोसायटी के आसपास अनेक चावल के खरीदार घूमते रहते हैं, वे कम दामों में चावल खरीद कर दुकानदार को बेच देते हैं। चूंकि लगभग सभी परिवार को मुफ्त चावल मिलता है इस लिए चावल को सीधा राइस मिलो में खपाते हैं।



**राइस मिलर्स कस्टम मिलिंग में कर लेते हैं शामिल-** सूत्रों से मिली पीडीएस चावल को खरीद कर कस्टम मिलिंग में शामिल कर चावल को गोदामों में भेज दिया जाता है। चौंकाने वाली बात यह है रकि इनका कानों कान खबर किसी को नहीं हो रही है, इस जब वेयर हाउस भथरी में पूछा गया तो वहां की प्रबंधक मनीषा पांडेय का कहना है कि राइस मिलर्स चावल को लाते है, उस चावल की गुणवक्कता जांच कर चावल को गोदाम में रखा जाता है। अब वह चावल कहां से कैसे और कौम कौन ला रहा है इनके जिम्मेदार राइस मिलर्स होते हैं।

**राइस मिलर्स कर रहे चावल खपाने की कशिश-** वेयर हाउस भथरी से मिली जानकारी के अनुसार चावल को गोदाम में रखने के पूर्व क्वालिटी इंस्पेक्टकर द्वारा गुणवक्कता की जांच की जाती है। यदि चावल रखने योग्य होता है तो रखा जाता है वरना उसे वापस भेजे दिया जाता है। 13 फरवरी को हरिप्रिया एग्रो से चावल वेयर हाउस लाया गया एवं जांच के दौरान गुणवत्ताहीन पाए जाने पर 290 क्विंटल चावल वापस कर दिया गया। इसी तरह 18 फरवरी को महामाया एग्रो पथरिया मोड़ से चावल लाया गया एवं गुणवत्ताहीन पाए जाने पर चावल को वापस भेज दिया गया।

**करते हैं क्वालिटी जांच**

राइस मिलर्स चावल को जमा करने की पर्ची कटवाते हैं, उसके बाद प्रति बोरे की क्वालिटी इंस्पेक्टर द्वारा जांच की जाती है एवं वजन किया जाता है। जांच में सही पाए जाने पर स्टॉक में चावल रखा जाता है। गुणवत्ताहीन मिलने पर चावल वापस भेज दिया जाता है।

- **वीरेंद्र पात्रे**, गोदाम प्रभारी, वेयर हाउस भथरी

**जानकारी ली जाएगी**

पीडीएस चावल का वितरण गरीबों के लिए किया जाता है। यदि पीडीएस चावल को कस्टम मिलिंग में लाया जाएगा तो वह गलत है। इस विषय पर जानकारी ली जाएगी।

- **प्रमोद जांगड़े**, जिला प्रबंधक, नागरिक खाद्य आपूर्ति विभाग, मुंगेली

## कांग्रेस नेताओं का निलंबन रद्द जिला अध्यक्ष ने जारी किया आदेश



**पेंड्रा।** पेंड्रा में चुनाव जीतने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष सहित उन सभी 14 कांग्रेसी नेताओं के निलंबन का आदेश रद्द कर दिया गया है जिन्होंने निकाय चुनावों मे कांग्रेस से बगावत की थी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज एवं संगठन महामंत्री मलकीत गैदू की अनुशंसा पर 14 लोंगो की कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता बहाल कर दी गई है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तम वासुदेव ने आदेश जारी करते हुए हाल ही में नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने पर निर्दलीय चुनाव जीते नगर पालिका पेंड्रा के अध्यक्ष राकेश जालान सहित वरिष्ठ 14 नेताओं की पार्टी की प्राथमिक सदस्यता बहाल करते हुए उनके निलंबन आदेश को रद्द कर दिया है। इनमें बड़े नेताओं में राकेश जालान, इकबाल सिंह, सादिक खान, प्रशांत श्रीवास, जयदत्त तिवारी, सुशीला शर्मा, जैलेश सिंह, सौभाग्य सिंह, प्रवेश शर्मा, सार्थक गुप्ता के नाम शामिल हैं। वहीं कांग्रेस में बहाली के बाद अध्यक्ष राकेश जालान ने कहा कि मैं पार्टी का कर्मठ सिपाही रहा हूं। मैंने अपने हक की खातिर अलग चुनाव लड़ा और साबित भी किया, अब पार्टी के हित में और शहर विकास में काम करते रहूंगा। इस निलंबन बहाली के बाद अब जिले की तीन निकायों में से 2 में कांग्रेस अध्यक्ष एवं 1 में भाजपा अध्यक्ष है। बहाली के बाद कांग्रेस नेताओं की मौजूदगी में नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष और पार्षद शपथ लेंगे।

## मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हुई बैठक



बैठक में शामिल पुलिस अफसर व नागरिक।

**मल्हार।** महाशिवरात्रि से शुरू हुए 15 दिवसीय मेले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए शनिवार को पुलिस चौकी मल्हार में बैठक रखी गई, जिसमे चौकी प्रभारी, मस्तूरी टीआई व सीएमओ शामिल हुए।

बैठक में उपस्थित नगर पंचायत अध्यक्ष एवं सभी पार्षदों से मल्हार मेला की सुरक्षा के विषय में महत्वपूर्ण चर्चा हुई। इस दौरान पुलिस बल के साथ-साथ सभी पार्षदों द्वारा 20 वॉलंटियर सहयोग के रुप में देने पर बात बनी। दरअसल पिछले वर्ष मेले के दौरान चाकूबाजी की कई घटनाओं के साथ असामाजिक तत्वों की बदमाशी सामने आई थी जिसकी वजह से मेला प्रबंधन के साथ पुलिस प्रशासन की बदनामी हुई थी। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो इसलिए इस बार मेले के हुड़दंगियों से निबटने पुलिस भी दिन रात गस्त कर रही है। साथ ही जनप्रतिनिधियों तथा मेला प्रशासन के सहयोग से 15 दिन दिवसीय मेला शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने में जुटी है। बैठक में मस्तूरी टीआई हरीश तांडेकर, चौकी प्रभारी ओमकारधर दीवान, सीएमओ मनीष सिंह, अध्यक्ष प्रतिनिधि धनेश्वर कैवर्त, पार्षदों में सुशील राजा चौबे, कमलेश सिंह, बड़े यादव, मिथुन यादव, रंजन साहू, आशुतोष वर्मा, मिलुराम कैवर्त, रज्जु देवार, रामफल कांत, मनराखन कैवर्त, विष्णु कैवर्त, जगदीश राय, सुजीत राजभानु, पीयूष पाटले, धर्मेंद्र सिंह, रामनारायण कश्यप, रवि कैवर्त सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## बाइपास की मांग को लेकर लोगों की बैठक, उग्र आंदोलन की बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

पेंड्रा को जिला बने चार साल से अधिक का समय बीत चुका है लेकिन कुछ मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति अभी तक नहीं हुई हैं। हम बात कर रहे हैं पेंड्रा बाईपास का जिसका शिलान्यास साल 2018 में ही हो गया था लेकिन लगभग 13 किलोमीटर का यह बाईपास आज भी अधूरा पड़ा हुआ है।

बाईपास का निर्माण पूरा ना होने के कारण शहर के बीच से होकर भारी वाहन गुजरते हैं जिससे लोग आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। हाल ही में पिछले एक हफ्ते के बीतर सड़क हादसे में 9 लोगों की जान चली गई है। इसके अलावा बाईपास ना होने की वजह से चौक-चौराहों पर भी जाम की स्थिति बन जाती है। लगातार हो रही मौतों से परेशान जिले के लोग बाईपास की मांग को लेकर उग्र हो गए हैं। शनिवार को पेंड्रा बाईपास की मांग को लेकर पेंड्रा के नागरिकों ने बैठक की जिसमें उग्र आंदोलन की रणनीति बनी। बैठक में तय किया गया कि सोमवार 3 मार्च को अधूरे बाईपास के निर्माण को पूरा करने के लिए कलेक्टर के माध्यम से सरकार को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यदि जल्द ही मांग पूरी नहीं होती तो बाईपास के लिए उग्र आंदोलन किया जाएगा। आज की बैठक में नगर पालिका पेंड्रा के अध्यक्ष राकेश जालान, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष इकबाल सिंह, प्रशांत श्रीवास, जगदंबा अग्रवाल, सादिक खान, महेंद्र शुक्ला, शारदा चरण पसारी, सार्थक गुप्ता, सहित सभी दलों के लोग और नगर वासी मौजूद रहे।



पेंड्रा के नागरिकों द्वारा की गई बैठक।

**बाइपास अतिआवश्यकः जालानः** पेंड्रा नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान का कहना है कि शहर में भारी यातायात के दबाव को देखते हुए बाईपास निर्माण का काम बहुत जरूरी है। हमने पहले भी सरकार का इस संबंध में ध्यान केंद्रित किया है। हम फिर सरकार से जल्द से जल्द बाईपास निर्माण की मांग कर रहे है।

**कागज में योजनाः**

गौरेला पेंड्रा मरवाही में 54 करोड़ की लागत से बनने वाला बाईपास अब महज कागजों तक ही सिमटता दिख रहा है। जिला बनने के 5 साल गुजर जाने के बावजूद बाईपास का काम शुरू नहीं हो सका है, जिसके चलते एक बार फिर लोगों में आक्रोश देखा जै रहा है। चार साल पहले पूर्व की सरकार के कार्यकाल में 54 करोड़ की लागत से पेंड्रा बाईपास का भूमिपूजन तो किया गया, सरकार कार्यकाल तो बीत गया लेकिन सड़क निर्माण का काम तक शुरू नहीं हो सका। दरअसल पेंड्रा शहर कोरबा, मरवाही मनेन्द्रगढ़ और अमरकंटक शहडोल आदि जाने के लिए वर्तमान में मुख्यमार्ग है। शहर में बढ़ते यातायात दबाव के चलते स्थानीय लोगो की मांग पर साल 2018 के चुनाव से ठीक पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री रमनसिंह ने 54 करोड़ की लागत से 13 किलोमीटर लंबे बाईपास का भूमिपूजन किया था।



## पथर्रा में नेवता भोज एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

प्राथमिक शाला पथर्रा में प्रधान पाठक सुनील कौशिक के द्वारा नेवता भोज, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं बच्चो को स्कूली जूता-मोजा का वितरण किया गया। अति विशिष्ठ आतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिनेश राजपूत गुरुजी, जिलापंचायत सदस्य भारती माली, मंडल अध्यक्ष विनोद यादव एवं सरपंच ज्योति गिरीश गोस्वामी के उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस दौरान दिनेश राजपूत ने कहा कि बच्चों को उचित शिक्षा मुहैया कराना हम सब की जिम्मेदारी है, शिक्षा के साथ साथ अच्छी परवरिश व संस्कार देना अनिवार्य है। छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा बच्चों की शिक्षा के लिए नित नए प्रयास किए जा रहे हैं। हम सब मिलकर एक दूसरे का सहयोग करते हुए शिक्षा व्यवस्था के भागीदारी बनें। जिपं सदस्य भारती माली ने कहा कि आप सब की शुक्रगुजार हूं कि आपने मुझे अपना आशीर्वाद देकर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व दिया, मैं अपने दायित्वोंका ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करुंगी। इस अवसर पर चंद्रभूषण कौशिक, सरोज सिदार, चंद्रशेखर कौशिक, दिलेश साहू, आरडी साय, नखछेद सिदार नागेश्वर, दिलीप, धनुष, हेमलता, कुशल गोस्वामी, प्रहलाद मानहारण गोस्वामी चिंतपुरी, लखन भारती सहित अन्य उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन पवन कौशिक एवं आभार प्रदर्शन सुनील कौशिक ने किया।

## शहीदों की स्मृति में रक्तदान शिविर, 20 ने दिया ब्लड



रक्तदाताओं का सम्मान करते आयोजक।

**लोरमी।** पुलवामा हमले में शहीद हुए देश के अमर जवानों की स्मृति में गुरुद्वारा भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 20 लोगों ने रक्तदान किया।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने फोन के माध्यम से समिति के इस रक्तदान के पहल को सराहनीय कदम बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिलासपुर के पूर्व महापौर किशोर राय ने कहा कि रक्तदान महादान है जिससे लोगों की जान बचाई जा सकती है। जीवन मे हमेशा लोगों को रक्तदान करना चाहिए कार्यक्रम में विशेष सहयोगी के रूप में पंजाबी समाज, जिला अस्पताल, मनियारी क्रिकेट टीम, प्रेस क्लब, मोबाईल संघ, सब्जी मार्केट संघ, राजीव गांधी मवि, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने सराहनीय योगदान दिया। इस अवसर पर धनीराम यादव, महाजन जायसवाल, सुशील यादव, मुकेश राठौर , विश्वास दुबे शशांक वैष्णव, मुकेश जायसवाल,अमिताभ तिवारी, घनश्याम यादव, मनीष यादव, दुर्गेश यादव, अजय अहिरवार, कवि केशरवानी, छत्रपाल जायसवाल, समर साहू एवं सभी रक्तदाता उपस्थित रहे।

## अटल ने उठाया जिले में हो रही चाकूबाजी की घटनाओं का मुद्दा



**बिलासपुर।** कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने विधानसभा सत्र में बिलासपुर जिले में हो रही लगातार चाकू बाजी से हत्या के प्रयास की घटनाओं का मामला उठाया। श्री श्रीवास्तव ने विधानसभा में लिखित में प्रश्न पूछा कि दिसंबर 2023 से जनवरी 2025 तक चाकूबाजी से कितने हत्या और हत्या के प्रयास के मामले दर्ज हुए हैं। अपराधियों द्वारा चाकू धारदार हथियार कहां से खरीदा गया और चाकू बेचने वालों पर क्या कार्रवाई की गई है। उपमुख्यमंत्री (गृह) विजय शर्मा ने उत्तर दिया कि विगत 13 माह में बिलासपुर जिला में 70 हत्या एवं 83 हत्या के प्रयास के वारदात हुए है जिसमें घरेलू उपयोग के चाकू एवं ऑनलाइन मंगाया गया चाकू का उपयोग किया गया है।

## कोदवाबानी से सरपंच निर्वाचित हुईं दीपिका



**लालपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में कोदवाबानी से सरपंच के लिए दीपिका विकास रात्रे ने जीत हासिल की। यहां कुल 2120 मतदाताओं ने मतदान किया जिसमें से 1141 मत दीपिका को मिले उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी कृष्ण कुमारी गंधर्व ने कुल 907 मत प्राप्त किया। इस तरह दीपिका ने 234 मतों से विजयी हुईं। चुनाव का परिणाम के बाद दीपिका को जीत का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। सरपंच प्रतिनिधि मंजीत रात्रे ने कहा कि दीपिका विकास रात्रे लंबे समय से समाज सेवा का कार्य करती आ रही हैं। इस बार गांव की जनता ने विश्वास के साथ उनको सरपंच के पद पर बैठाया है। जनता के विश्वास पर खरा उतरकर गांव का विकास करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। प्रमाण पत्र वितरण के दौरान मुख्य रूप से जगदीश निर्मलकर, गोपी सिंह राजपुत, सुरेश ध्रुव, मनोज साहू, कृपाल निर्मलकर, लक्ष्मण सिंह ठाकुर, जनऊ पोरते मौजूद रहे।

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि तहसील बिलासपुर ग्राम सेंदरी में स्थित खसरा नं. 1204, 1205, 1207, 1209, 1210, 1211, 1212, 1216/2, 1217, 1218 श्रीमति लता कुंगवानी पति भगवान दास कुंगवानी एवं खसरा नं. 1190 श्रीमति सीमा भीमनानी पति अजय भीमनानी खसरा नं. 1208 ए.के. बिल्डर्स एण्ड डेवेलपर्स द्वारा भागीदार अजय भीमनानी, कुल रकबा 4.33 एकड़ दर्ज है। यह भूमि वर्ष 2009 तक श्री अशोक भीमनानी वल्द मोटूमल भीमनानी के नाम पर दर्ज थी, जिनसे मेरे द्वारा पर्याप्त रकम देकर जमीन के संबंध में अनुबंध करते हुए क्रय कर लिया गया था।

माननीय उच्च न्यायालय द्वारा मेरे अनुबंधों के आधार पर वर्तमान खाता धारकों एवं उनके वारिसों को WPC1066/2025 के अंतर्गत 25.02.2025 को नोटिस जारी किया गया है।

अतः आम जनता को सूचित किया जाता है क उपरोक्त दिये गये खसरा नं. के संबंध में वर्तमान खाता धारकों एवं उनके वारिसों से किसी भी प्रकार का अनुबंध या सौदा ना करें। ऐसा करने पर बेवजह न्यायालयीन प्रक्रिया एवं अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

भवदीय
श्री मृदुल हरि अग्रवाल
वार्ड क्रमांक-59 हाउस नं.-58, महावीर भवन रतनपुर रोड न्यू सरकंडा, बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 8451882019

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार चन्द्रभूषण कश्यप पिता-भूपत लाल कश्यप निवासी वार्ड नं.-10, गढ़वट पो. ऑ.- लखराम, तहसील-बेलतरा, जिला-बिलासपुर छ.ग. की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर यह आम सूचना प्रकाशित करा रहा हूँ कि, मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता घरौंदा आकांक्षा गृह निर्माण सहकारी, समिति मर्यादित छ.ग. द्वारा-उपाध्यक्ष श्री हरिश चंन्द्र सोनी, उम्र 57 वर्ष, पिता-श्री भाऊराम सोनी, निवासी-मकान नं.-807, वार्ड नं. -7/9, आंगनबाड़ी केन्द्र-01 के सामने ओमनगर जरहाभाठा बिलासपुर, तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.) के हक-स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि मौजा ग्राम-मोपका पहनं. -29, तहसील व जिला-बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर-1058/1 रकबा - 0.1800 हे. भूमि विक्रेता के नाम पर दर्ज है जिसे मेरे पक्षकार द्वारा खरीदने का पक्का सौदा कर अग्रिम बयाना राशि चेक व नगद के माध्यम से विक्रेता को प्रदान की गयी है। मेरे पक्षकार को जानकारी प्राप्त हुई कि विक्रेता द्वारा अपनी उक्त भूमि को अन्य व्यक्ति के पक्ष में विकय करने का कुप्रयास किया जा रहा है इस कारण उक्त भूमि को विक्रेता से कय करने का संव्यवहार न करें अन्यथा उससे होने वालें समस्त नुकसानी के आप स्वयं जिम्मेदार होंगें।

अस्तु सूचना जाने।
दिनांक- 21/03/2025
स्थान-बिलासपुर

भवदीय
पी.के. दास (अधिवक्ता)
कार्यालय / निवास- एल.आई.जी.-62, तुलसी आवासस, राजकिशोर बिलासपुर (छ.ग.) 495006
मो. न. - 9826530190

### न्यायालय नायब तहसीलदार, बिलासपुर छ.ग.

उत्तराधिकार प्रमाण पत्र का ईश्तहार

रा.प्र.क्र........../ब-121/2024-25
क्रमांक/क/ना.तह/वा/2025
बिलासपुर दिनांक 28/02/2025

ग्राम तोरवा के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम तोरवा प.ह.न. 37 तहसील बिलासपुर के मृतक देवेन्द्र हटकेश्वर पिता स्व. दयाराम हटकेश्वर के उत्तराधिकारी होने का प्रमाण पत्र दिये जाने के लिए कार्यालय कलेक्टर बिलासपुर का पत्र क्रमांक 115/रा.मो./ बिलासपुर दिनांक 08.01.2025 एवं कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलासपुर के पत्र क्रमांक 120/अविअ/वा-3/बिलासपुर दिनांक 24.02.2025 के अनुसार श्रीमती तारा देवेन्द्र हटकेश्वर पति देवेन्द्र हटकेश्वर निवासी बुधवारी बाजार बापू उपनगर बिलासपुर द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 17/03/2025 को सुबह 11.00 स्वय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही किये जावेगे।

आज दिनांक 28/02/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।
नायब तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)

### न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

दिनांक.........
रा.प्र.क्र. 99/..../2024-25
पक्षकार संतोष कुमार शुक्ला पिता रामनाथ + 6 अन्य आवेदक
बनाम छत्तीसगढ़ शासन अनावेदक

आवेदक/ आवेदिका संतोष कुमार पिता/ पति रामनाथ निवासी बिनौरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार ग्राम बिनौरी प.ह.नं. 46 रा.नि.मं. सकरी व तहसील सकरी जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 750 रकबा 0.024 हे. हेक्टर भूमि त्रुटि सुधार के आधार पर ... हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनांक 17.03.2025 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/ दावा विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 28.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
सकरी

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार संजय अग्रवाल पिता राजेन्द्र अग्रवाल निवासी तोरवा बिलासपुर के द्वारा पूजा तिवारी पति भुनेश्वर प्रसाद तिवारी निवासी देवरीखुर्द के स्वत्व स्वामित्व की भूमि मौजा दोमुहानी-प.ह.न.-43 में स्थित भूमि- ख.नं.-238/10 रकबा 1192 वर्गफुट राजस्व अभिलेख में नाम से दर्ज है। उक्त भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दिया जा चुका है। अतिशीघ्र रजिस्ट्री मेरे पक्षकार के पक्ष में किया जावेगा यदि किसी, बैंक, संस्था, निकाय, सरकारी, गैर सरकारी संस्था, राजस्व एवं थाना एवं अन्य कोई अनुबंधकर्ता हो तो 07 दिवस के भितर वैध दस्तावेज के कर साथ आपत्ती कर रजिस्ट्री से पूर्व रोक लगावे अन्यथा रजिस्ट्री पश्चात किया गया दावा आपत्ती शुन्य एवं अवैध माना जावेगा।

सो सूचना जाने
दिनांक- 01/03/2025

भवदीय
शुवेंदु नस्कर, अधिवक्ता
छ.ग. उच्च न्यायालय, बिलासपुर
ऑ./कार्य.-लाल खदान रेलवे क्रॉसिंग चर्च के पास, थाना- तोरवा बिलासपुर (छ.ग.) मो. 9827181564, 9425549338

### न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

विवाह सूचना का प्रकाशन

क्रमांक क/ /वाचक/ अति-कले/2025,
बिलासपुर, दिनांक 25.02.2025

श्री सूरज मेश्राम आत्मज स्व. रविकांत मेश्राम माता श्रीमती सावित्री मेश्राम उम्र-35 वर्ष (तलाकशुदा) निवासी मगरपारा चौक, अमीर पान भण्डार गली थाना सिविल लाईन तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं प्रियंका बोरकर आत्मजा श्री कैलाश बोरकर उम्र 35 वर्ष (तलाकशुदा) निवासी मगरपारा चौक, अमीर पान भण्डार गली थाना सिविल लाईन तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनाँक 03.04.2025 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



सूरज मेश्राम प्रियंका बोरकर

विवाह अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

### समक्ष श्रीमान नोटरी सिविल जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

शपथ पत्र

मैं वी एम कुंजम्मा, उम्र 83 वर्ष, पति स्व. थॉमस कुट्टी, जाति ईसाई, निवासी - वार्ड नं. 03. शांति नगर रामकृष्ण एन्क्लेव बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर छ.ग. की हूँ, जो कि निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करती हूँ:- 1. यह कि मै उपरोक्त नाम व पते की निवासी हूँ। 2. यह कि मेरे पति थॉमस कुट्टी का स्वर्गवास दिनाँक 05.09.1994 मे हो गया है तथा मेरे पति स्वर्गवास के समय आर्मी (ए एम सी) मे हवलदार के पद पर कार्यरत थे। 3. यह कि मेरे पति थॉमस कुट्टी के स्वर्गवास के पश्चात मुझे आर्मी (ए एम सी) के द्वारा फैमिली पेंशन प्रदान की जाती है तथा आर्मी सर्विस नं. 6797536 है। 4. यह कि उक्त आर्मी (ए एम सी) के पेंशन के रिकार्ड मे मेरा जन्म तिथि 06.02.1946 दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण है। 5. यह कि मेरा आधार नं. 4691 9255 7463 मे मेरा जन्म तिथि 21.05.1942 दर्ज है जो कि सही व सत्य जन्म तिथि है। 6. यह कि उक्त त्रुटीपूर्ण दर्ज जन्म तिथि 06.02.1946 को सुधारकर मेरी सही जन्म तिथि 21.05.1942 दर्ज किया जावे जिसके समर्थन मे यह शपथ पत्र निष्पादित कर रही हूँ।

शपथकर्ती, वी एम कुंजम्मा

सत्यापन

मैं वी एम कुंजम्मा, उम्र 83 वर्ष, पति स्व. थॉमस कुट्टी शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूँ शपथ पत्र की कंडिका क्रमांक 01 से 06 तक दी गई जानकारी पूर्ण रूप से सत्य है। जिसे आज दिनाँक 28.02.2025 को बिलासपुर मे पढ व समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की।

शपथकर्ती, वी एम कुंजम्मा

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
- एलर्जी जॉच एवं इम्यूनोथेरेपी
- गले की लेजर सर्जरी
- खर्राटो का ईलाज

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
- दांतों में ज्वेलरी लगाना
- बच्चों के दूध के दांतों का इलाज एवं देखभाल

1 March--REGNOL -pg-7 comman_Layout 1 3/1/2025 11:40 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### जेएमपी महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस



**तखतपुर।** शासकीय जेएमपी महाविद्यालय तखतपुर में विज्ञान विभाग के द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डॉ सीमा नेगी ने चंद्रयान, वंदे भारत हेतु किए गए कार्यों का उदाहरण देते हुए छात्र- छात्राओं को वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने डॉ सीवी रमन के कार्यों की याद दिलाते हुए रमन प्रभाव, स्पेक्ट्रोस्कॉपी, प्रकाश का प्रकीर्णन के बारे में जानकारी प्रदान की। प्राचार्य डॉ विनोद कुमार दुबे ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाने के उद्देश्य से अवगत कराया। डॉ राजीव शर्मा ने ऐतिहासिक जानकारी के माध्यम से विज्ञान की उपयोगिता को बताया। डॉ एसके पाड़े ने बताया कि आध्यात्म भी एक प्रकार का विज्ञान है और यह मानव जीवन को किस प्रकार प्रभावित करता हैं। कार्यक्रम का संचालन इन्दु कौशल आभार प्रदर्शन डॉ नावेद सिद्धिकी ने किया। विज्ञान प्रदर्शनी में वर्किंग नॉन वर्किंग मॉडल एवं पोस्टर प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर डॉ पार्वती पटेल, डॉ ज्योति गोस्वामी, अंजीत नेताम, शिवप्रसाद साहू, रानू अग्रवाल, अंकुर शुक्ला, प्राची गुप्ता, निधी ठाकुर,न डॉ मीना शर्मा, स्वाति पांडे, जसमीत कौर, प्रकाश कौशिक सहित अन्य उपस्थित रहे।

### छात्र-छात्राओं ने लगाई विज्ञान मॉडल की प्रदर्शनी



**तखतपुर।** नव जागृति उमा विद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान मॉडल की भव्य प्रदर्शनी लगाई गई। कक्षा चौथी से कक्षा ग्यारहवीं के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इन बच्चों ने अपने ज्ञान और कला के माध्यम से विज्ञान मॉडल का निर्माण किया, जिसमें पाचन तंत्र, उत्सर्जन तंत्र, सोलर सिस्टम, वर्षा जल संरक्षण, पौधों के विभिन्न भाग, भूकंप अलर्ट, फायर गन, चंद्रयान 3, पवन चक्की, तंत्रिका तंत्र, पौधों में अंकुरण, एटीएम और और जल विद्युत उत्पादन जैसे चलित व सुंदर मॉडल शामिल रहे। इन्होंने अपने मॉडल के माध्यम से विज्ञान का सदुपयोग करने का संदेश दिया। संस्था की प्राचार्या संस्थापिका एसपी मैडम ने अपने सभी बच्चों को विज्ञान दिवस की बधाई देते हुए विज्ञान के महत्व से उन्हें अवगत कराया। साथ ही 21वीं सदी के वैज्ञानिकों के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उनकी प्रशंसा भी की। संस्था प्रभारी समित सैमुएल तथा आइरिस बरखा सैमुअल ने अपने डॉक्टर सीवी रमन द्वारा खोजे गए रमन प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए उनके कार्यों का वर्णन किया और बताया कि इसी खोज के कारण ही 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। बच्चों का मार्गदर्शन दुर्गेश धूरी, अंजनी जांगड़े, सुनती पटेल एवं गीता यादव द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

### मुंगेली जिले में 6 हजार से अधिक छात्रों ने दी 12वीं की परीक्षा

# हिंदी की परीक्षा में अनुपस्थित रहे 89 विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

12वीं बोर्ड परीक्षा के पहले दिन हिन्दी विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। पहले दिन नकल का एक भी प्रकरण सामने नहीं आया। परीक्षा में जिले के कुल 6 हजार 6 सौ 59 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 6 हजार 5 सौ 70 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 89 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी परीक्षा 2025 का शुभारंभ शनिवार 1 मार्च से हुआ। पहले दिन विद्यार्थियों ने हिंदी विषय की परीक्षा दी। जिले में परीक्षा शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से संपन्न हुई। कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार नकल रोकथाम एवं निगरानी के लिए पांच निरीक्षण दलों का गठन किया गया था। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी अजय शतरंज ने मुंगेली शहर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। जिला शिक्षा अधिकारी सीके धृतलहरे ने जांच दल के साथ ग्राम कंतेली, बरमपुर और स्वामी आत्मानंद दाऊ पारा मुंगेली



परीक्षा देते परीक्षार्थी।

स्कूल का निरीक्षण किया। सुमन सिंह पैकरा के नेतृत्व में धरमपुरा, दशरंगपुर, जरहागांव, बिरकोना और कोना स्कूल की जांच की गई। वहीं गौतम के नेतृत्व में कोदवाबानी, लालपुर, झाफल और लोरमी के अन्य स्कूलों का निरीक्षण किया गया। जिला परियोजना अधिकारी एवं परीक्षा के सहायक नोडल अधिकारी रामनाथ गुप्ता ने बताया कि जिले में कुल 6 हजार 6 सौ 59 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 6 हजार 5 सौ 70 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे, जबकि 89 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। प्रशासन की सख्ती के चलते जिले भर में परीक्षा पूर्ण रूप से शांतिपूर्ण संपन्न हुई एवं इस दौरान किसी भी प्रकार की नकल की घटना सामने नहीं आई। शेष विषयों की परीक्षाओं को भी निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अधिकारीगण लगातार परीक्षा केंद्रों का दौरा कर व्यवस्था की निगरानी करेंगे, ताकि परीक्षा का संचालन पारदर्शी और निष्पक्ष बना रहे।

### पहले दिन 42 विद्यार्थी अनुपस्थित



**लोरमी।** 1 मार्च से प्रदेश में बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं आरम्भ हो चुकी हैं, जो 28 मार्च तक चलेंगी। नायब तहसीलदार चंद्र प्रकाश सोनी एवं नायब तहसीलदार शांतनु तारम ने लोरमी के खुड़िया स्ट्रांग रूम पहुंच कर समयानुसार केंद्राध्यक्षों को बारहवीं के प्रश्न पत्र उपलब्ध कराए। इसके बाद आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, शाउमा विद्यालय, मां भारती उमावि एवं सरस्वती शिशु मंदिर का निरीक्षण सहायक विकास खंड अधिकारी सुनील शर्मा के साथ किया गया। विकास खंड शिक्षा अधिकारी डीएस राजपूत ने बताया कि 1 मार्च को आयोजित हिंदी विषय की परीक्षा में कुल 23 केन्द्रों के कुल 2 हजार 6 सौ 91 परीक्षार्थियों में से 2 हजार 6 सौ 49 उपस्थित व 42 अनुपस्थिति रहें। सभी केंद्र में परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु पेयजल, आवागमन की सुचारू सुविधा उपलब्ध है।

#### शांतिपूर्ण संपन्न

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के नियमानुसार पूरे लोरमी अनुभाग में बारहवीं की परीक्षाएं आरम्भ हो चुकी हैं। परीक्षाएं शांतिपूर्ण वातावरण में आयोजित कराई जा रही हैं।

- अजीत पुजारी, एसडीएम



## विशालकाय पेड़ गिरने से मकान क्षतिग्रस्त

■ जिपं सदस्य अरुना ने दिया हर संभव मदद का आश्वासन

**सीपत।** जिला पंचायत क्षेत्र 11 के ग्राम पंचायत गतौरा में एक विशालकाय पेड़ गिरने से ग्रमीण जीवन राठौर के घर को भारी नुकसान पहुंचा है। घटना में घर का छज्जा और छत टूट गई, जिससे परिवार को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य अरुना चंद्रप्रकाश सूर्या ने मौके पर पहुंच कर एसडीएम से बात कर आपदा प्रबंधन टीम को तत्काल भेजने का निवेदन किया। जिला पंचायत सदस्य अरुना चंद्रप्रकाश सूर्या ने बताया कि उन्होंने एसडीएम से बातचीत कर पीड़ित परिवार को शासन की ओर से हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिलाया है। उन्होंने कहा कि जीवन राठौर के घर को जो भी नुकसान हुआ है उसकी भरपाई शासन द्वारा की जाएगी। हमारी सरकार जनता के हित में हर संभव मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। एसडीएम ने भी पीड़ित परिवार को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन टीम नुकसान का आंकलन कर रही है और जल्द से जल्द मदद पहुंचाई जाएगी। स्थानीय निवासियों ने बताया कि बीते दिनों हुई भारी बारिश के कारण पेड़ की जड़ें कमजोर हो गई थीं।

## पथरिया में 1492 परीक्षार्थी हुए शामिल

**पथरिया।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा शनिवार 1 मार्च से शुरू हो गई। शनिवाार को पहले दिन हिंदी विषय की परीक्षा आयोजित की गई जिसमें क्षेत्र के 1492 विद्यार्थियों ने अपना पर्चा दिया, वहीं 17 छात्र-छात्राएं परीक्षा में अनुपस्थित रहे। 10वीं 12वीं की बोर्ड परीक्षा के लिए पथरिया विकासखंड की 18 शासकीय विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। उक्त जानकारी परीक्षा कंट्रोल रूम प्रभारी एनआर ध्रुव द्वारा दी गई। सोमवार से 10वीं बोर्ड की परीक्षा भी इन्ही परीक्षा केंद्रों में आयोजित होगी। बोर्ड परीक्षा सुचारू ढंग से संचालित करने प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा ब्लॉक में तीन उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। एक उड़नदस्ता बीईओ पीएस बेदी दूसरा तहसीलदार छाया अग्रवाल और तीसरा जनपद सीईओ प्रदीप भगत के नेतृत्व में क्षेत्र के 18 परीक्षा केंद्रों के औचक निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में एबीईओ यतेंद्र भास्कर की टीम ने नगर के आत्मानंद विद्यालय का निरीक्षण किया।



## शांतिपूर्वक हुई पहले दिन की परीक्षा, नकल नहीं

**तखतपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर आयोजिक 12वीं बोर्ड परीक्षा 1 मार्च से प्रारंभ हो गई है। पहले दिन हिंदी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इस दौरान प्रथम दिवस एक भी नकल प्रकरण नहीं बने। सभी केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्वक संचालित की गई। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के लिए पुलिस आरक्षकों की भी ड्यूटी लगाई गई थी। नगर में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें शास कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और शास बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तखतपुर शामिल हैं। परीक्षा के संचालन में केंद्र अध्यक्ष एचएस क्षत्रीय,सहायक केंद्र अध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला, बालक हाई स्कूल में केंद्र अध्यक्ष मौसमी रॉबिन्सन, सहायक केंद्र अध्यक्ष श्रीकांत मिश्रा ने परीक्षा का संचालन किया। परीक्षा का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 12:15 तक निर्धारित है। परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र में सुबह 9 बजे उपस्थित होंगे और 9:10 में उन्हें प्रश्न पत्र वितरण किया जाएगा तथा 9:15 बजे तक में प्रश्न पत्रों का अध्ययन करेंगे और 9:15 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक पर्चा हल करेंगे।



## युवाओं व महिलाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ें



**सीपत।** छग कन्नौजिया कुंभकार समाज की दो दिवसीय महासभा सीपत सामुदायिक भवन में आयोजित की गई जिसमें रतनपुर, रायपुर, तखतपुर व पेंड्रा राज से सैकड़ो समाजिक लोग शामिल हुए। महासभा में समाज की नई प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी का गठन किया गया एवं पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई, जिसमें दिनेश कुमार कुंभकार अध्यक्ष चुना गया। इसी तरह नारायण प्रसाद पाध्याय को उपाध्यक्ष , धनेश कुमार कुंभकार को सचिव, धनुषराम कुंभकार को सहसचिव व शत्रोहण कुंभकार को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके बाद सामाजिक प्रकरणों का निपटारा व समाज विकास के अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। नवनियुक्त अध्यक्ष दिनेश कुंभकार ने कहा कि एकजुटता से समाजिक विकास को बल मिलेगा। इसके लिए आप सभी का योगदान जरूरी है। ज्यादा से ज्यादा युवावों व महिलाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़े। उन्होंने आगे कहा कि आप अपने बेटा और बेटियों को समांतर भाव से देखते हुए आपको उच्च शिक्षा में भेजना है। आपकी जीवन का पूंजी अगर है तो वह शिक्षा है। इस दौरान प्रमुख रूप से हितेंद्र पाध्याय, संतराम कुंभकार, जागेश्वर कुमार कुंभकार, रतनपुर राज के मीडिया प्रभारी जितेंद्र कुमार कुंभकार, बद्री प्रसाद प्रजापति, राजेश कुंभकार, रोहित कुंभकार, सुशील, सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### शिक्षक के घर में घुसकर मारपीट

**बिलासपुर।** तोरवा में रहने वाले शिक्षक के घर में घुसकर भाजपा कार्यकर्ता ने मारपीट की है। पीड़ित की पत्नी ने इसकी शिकायत तोरवा थाने में की है। इस पर पुलिस ने भाजपा कार्यकर्ता और उसके साथियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। तोरवा टीआई अभय बैस ने बताया क्षेत्र कि एक महिला ने तालापारा के धनंजय गोस्वामी और उसके साथ आए लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है। महिला ने बताया कि उसके पति डी अनिश स्कूल में टीचर हैं। शनिवार की सुबह वह घर पर थी। इसी दौरान भाजपा कार्यकर्ता तालापारा के धनंजय गोस्वामी और उसके साथ कुछ लोग घर पर आए। उन्होंने एक स्कूल टीचर से संबंध होने और पांच लाख रुपये लेने का आरोप लगाकर उनके पति से मारपीट की।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार हुए घायल



**बिलासपुर।** सगाई के कार्यक्रम में जा रहे बाइक सवार दंपति को पिकअप चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को 112 के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर रेफर किया गया। सिम्स प्रभारी गुलाब सोनवानी ने बताया कि तखतपुर में हुई सड़क दुर्घटना में मर्ग मेमो प्राप्त हुआ है। जानकारी के अनुसार ग्राम पठारी कापा थाना लालपुर जिला मुंगेली निवासी ओमप्रकाश निर्मलकर पिता बिशेसर उम्र 35 वर्ष बिलासपुर कुदुदण्ड शिव मंदिर के पास केशरवानी बाड़ा में ऑटोमोबाइल की दुकान में काम करता था। वह अपनी बहन सुनीता निर्मलकर पिता विशेषर निर्मलकर उम्र 18 वर्ष एवं पत्नी ललिता निर्मलकर पति ओमप्रकाश निर्मलकर 20 वर्ष तीनों बाइक में सवार होकर गृह ग्राम बांकी सगाई कार्यक्रम में जा रहे थे। शाम 5 बजे ग्राम खपरी के पास पहुंचे ही थे कि विपरीत दिशा से आ रही पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 10 सी 8748 के चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे बाइक चालक ओमप्रकाश निर्मलकर व पत्नी ललिता निर्मलकर को गंभीर चोट आई। वहीं बहन सुनीता निर्मलकर बाइक से छिटक कर दूर जा गिरी। घायलों को 112 के माध्यम से तखतपुर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। तीनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है।

**नेताओं के चक्कर काट रहे हैं भाजपा से जीते हुए पार्षद**

**होली से पहले शहर सरकार के गठन की प्रक्रिया होगी पूरी, महिलाओं को मिलेगी बराबर जगह**

# अब जोड़-तोड़ एमआईसी में जगह पाने, चारों विधायकों की रायशुमारी के बाद होगा फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहरी सरकार की सत्ता पर भाजपा विराजमान हो गई है। नवनिर्वाचित पार्षदों और महापौर ने शपथ भी ले ली है। अब जोड़ तोड़ एमआईसी में जगह पाने और सभापति बनने को लेकर शुरू हो गई है।

निगम में शामिल चार विधानसभा के चारों विधायकों की रायशुमारी के बाद सभापति और एमआईसी के नाम पर मुहर लगेगी, ऐसा कहा जा रहा है। इसलिए भाजपा से जीतकर आए पार्षद अपने नेताओं के चक्कर काट रहे हैं। कहा तो यह भी जा रहा है कि महापौर महिला है तो सभापति और नेता प्रतिपक्ष भी महिला हो सकती हैं। इसके साथ ही मेयर इन कौंसिल में इस बार महिलाओं की भागीदारी बराबर की होगी। भाजपा से जुड़े लोग बता रहें हैं कि एमआईसी में



कुल 11 सदस्य होंगे। इसमें शहर से 4, बेलतरा से 4, बिल्हा और मस्तूरी से एक-एक पार्षद को जगह मिल सकती है। ज्ञात हो कि प्रदेश के 173 नगरीय निकायों हेतु 11 फरवरी को मतदान हुआ और 15 फरवरी को रिजल्ट भी जारी किया गया। इसमें सभी 10 निगमों में भाजपा को जीत मिली है। बिलासपुर में भी भाजपा की श्रीमती पूजा विधानी 66 हजार से अधिक मतों से जीतकर महापौर बनीं है। कुल 70 वार्डों में से 49 में भाजपा, 18 में कांग्रेस और 3 में निर्दलीय को जीत मिली है।

### एमआईसी में 11 सदस्य एल्डरमैन भी 11 ही होंगे

प्रक्रिया के तहत शपथ ग्रहण के बाद अब निगम में सभापति चुनाव और महापौर परिषद का गठन होगा। निगम के संवैधानिक नियमों की बात करें तो महापौर, सभापति, पार्षद और एल्डरमैन को मिलाकर ही पूरा संगठन और शहर सरकार बनती है। निगम में नेता प्रतिपक्ष बनाने का कोई संवैधानिक नियम नहीं है। हालांकि व्यवस्था के तहत कई बार ऐसा कर दिया जाता है। बिलासपुर की बात करें तो कुल 70 वार्डों में इतने ही पार्षद चुनकर आएं हैं। नियमों के तहत 15 प्रतिशत पार्षदों को मेयर इन कौंसिल में जगह मिलेगी तो 15 प्रतिशत पार्षदों को एल्डैरमैन बनाया जाएगा। इस लिहाज से 11 पार्षद मेयर इन कौंसिल (एमआईसी) और 11 एल्डरमैन बनेंगे।

### अरपापार से मिल सकती है 4 लोगों को जगह

भाजपा से जुड़े लोगों के मुताबिक इसमें सीनियर पार्षदों के साथ ही कुछ नए लोगों को भी जगह मिल सकती है। इसमें अरपा पार से 3 से अधिक लोगों को एमआईसी में जगह मिल सकती है। गौरतलब है कि अरपा पार कुल 22 वार्ड हैं, इसमें से भाजपा के 16 पार्षद जीतकर आएं हैं। जिसमें से वार्ड क्रमांक 60 से विजय ताम्रकार, वार्ड 61 से राजेश दुसेजा और वार्ड 63 से श्याम साहू, वार्ड 56 से रुपाली अनिल गुप्ता, वार्ड 57 से रेखा ओमप्रकाश पांडे एमआईसी में शामिल हो सकते हैं। सभी पार्षद तीन बार से अधिक चुनाव जीत चुके हैं। इसके साथ ही तिलकराम साहू का नाम भी एमआईसी में आ सकता है। हालांकि उन्होंने वार्ड 49 से पहली बार चुनाव जीता है, लेकिन वे वर्तमान में साहू संघ के जिला अध्यक्ष हैं तो कुछ समय पहले तक जिला भाजपा के उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं।

### सभापति के लिए नामों पर भी चर्चा शुरू

इसके साथ ही कांग्रेस और भाजपा सहित निर्दलीय पार्षद भी सभापति के लिए नाम तय करने में लगे हुए हैं। इसे लेकर बैठकों का दौर प्रारंभ हो सकता है। शपथ ग्रहण समारोह के बाद अब इसकी घोषणा किए जाने की बात कही जा रही है। नगर विधायक अमर अग्रवाल ने भी कहा है कि होली के पहले सभापति के नाम पर फैसला ले लिया जाएगा तो एमआईसी का गठन कर लिया जाएगा। बेलतरा विधानसभा के 12 पार्षदों में किसी एक को सभापति की कुर्सी मिल सकती है। सीनियारिटी के आधार पर वार्ड 56 से रूपाली गुप्ता तीसरी बार तो वार्ड 58 से कमला पटेल दूसरी बार पार्षद बनीं हैं। ध्यान रहे कि वरिष्ठ पार्षद विजय ताम्रकार, विनोद सोनी, बंधू मौर्य, श्याम साहू महापौर की दौड़ में थे। यह सभी चुनाव जीत चुके हैं। इसमें सबसे वरिष्ठ पार्षद श्याम साहू हैं।

### कांग्रेस में नेता प्रतिपक्ष के लिए होड़

इसके साथ ही कांग्रेस से नेता प्रतिपक्ष के लिए अभी सबसे सीनियर पार्षद वार्ड 38 की सुनीता नामदेव गोयल हैं, वे चौथी बार पार्षद बनीं हैं। असगरी बेगम तीसरी बार पार्षद बनीं हैं। यदि इन्हें नेता प्रतिपक्ष बनाया जाएगा तो निगम में मेयर, सभापति और नेता प्रतिपक्ष तीनों महिलाएं होंगी, जो निगम के इतिहास में पहली बार होगा। हालांकि कांग्रेस में भरत कश्यप, गायत्री लक्ष्मी नाथ साहू, इब्राहिम खान, अमित भारते भी दो-दो बार के पार्षद हैं। ज्ञात हो कि पूर्व की एमआईसी में आउटर के 6 पार्षदों को एमआईसी मेंबर बनाया गया था। ऐसे में इस बार भी आउटर को प्राथमिकता मिलने की संभावना है।

**व्यापारियों ने सैकड़ों रुपए खर्च कर यहां मार्किंग के हिसाब से सड़क और प्लाट पर अपने खंभे गाड़े थे**

# रेलवे व नगर निगम ने तोड़े एक-दूसरे के लगाए गए खंभे, व्यापार विहार में विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

व्यापार विहार में व्यापारियों की जमीन का विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को एक बार फिर रेलवे और निगम की टीम आपस में उलझ गई। दरअसल निगम ने सीमांकन के आधार पर करीब 26 हजार वर्गफीट जमीन व्यापारियों को सौंप दी थी।

निगम ने रेलवे द्वारा लगाए गए खंभों को भी निकाल लिया था। इसके बाद व्यापारियों ने सैकड़ों रुपए खर्च कर यहां मार्किंग के हिसाब से सड़क और प्लाट पर अपने खंभे गाड़े थे। शनिवार को रेलवे की टीम पहुंची और इन खंभों को निकालकर अपने लोहे के खंभे फिर से लगा दिए। इसके बाद निगम की टीम पहुंची तो रेलवे के खंभों को फिर से निकालकर फेंक दिया गया। इस पर रेलवे के अधिकारियों आपत्ति जताई। सोमवार को इस बारे में दोनों तरफ से बैठक के बाद अंतिम फैसला लेने की बात कही जा रही है।

ज्ञात हो कि सितंबर 2021 में व्यापार विहार में त्रिवेणी सभागार के पीछे खसरा नंबर 860/1, 30/1, 31/1, 34/1 में 12.50 बाई 30 और 20 बाई 50 साइज के 56 प्लॉट को बेचने के लिए निगम ने टेंडर जारी किया था। इसमें 12.50 बाई 30 साइज के 31 और 20 बाई 50 साइज के 22 प्लॉट थे। निगम ने इसके लिए4500 रुपए वर्गफीट का रेट तय किया था। बोली के आधार पर किसी व्यापारी ने 4600 तो किसी ने 4700 रुपए वर्गफीट के हिसाब से जमीन खरीदी है। इन जमीनों पर विवाद के बाद सीमांकन कराने का फैसला लिया गया।



व्यापार विहार में चर्चा करते आरपीएफ के कर्मचारी व अन्य।

### करोड़ों खर्च के बाद भी परेशान हो रहे व्यापारी

इस पूरे प्रकरण में सबसे अधिक परेशान वह 22 व्यापारी हो रहे हैं जिनके प्लाट पर दो साल से विवाद चल रहा है। करोड़ों रुपए जमीन की रजिस्ट्री पर खर्च होने के बाद ही प्लाट का नामांतरण नहीं हो पा रहा है। निगम ने सीमांकन रिपोर्ट के आधार पर प्लाट सौंपी तो इन व्यापारियों ने 60 हजार रुपए खर्च कर सीमेंट के खंभे लगाए। अब रेलवे ने इन खंभों को भी तोड़ दिया है। ध्यान रहे कि निगम ने जब प्लाट बेचने के लिए टेंडर निकाला तो उस समय रेलवे की ओर से कोई आपत्ति नहीं की गई। खरीदारों ने जब जमीन खरीद ली और निगम को पैसे दे दिए, तब रेलवे ने इस जमीन पर अपना दावा किया और मौके पर खंभा लगा दिया गया। व्यापारियों राजेश गौर, प्रीति पाटनवार, पंकज भोजवानी, सोनू हिरवानी, ओमप्रकाश किंगरानी, वेदप्रकाश पाटनवार, कौशल्या गौर, प्राची दुहरानी ने बताया कि पूरे 56 प्लॉट में विवाद नहीं है। सिर्फ 20 बाई 50 के 22 प्लॉट में ही विवाद है।

### नहीं दी गई सीमांकन रिपोर्ट

रेलवे को इसकी जानकारी मिली तो शनिवार को मौके पर पहुंचकर व्यापारियों के सीमेंट के खंभों को हटाते हुए अपने लोहे के खंभे लगा दिए गए। इस मामले में रेलने अधिकारियों ने व्यापारियों को बताया कि मौके की सीमांकन रिपोर्ट की कोई जानकारी रेलवे को नहीं दी गई है। निगम और राजस्व अमला अपने हिसाब से काम कर रहा है।

### रेलवे की आपत्ति जायज नहीं

विवाद सुलझाने के लिए नगर निगम, रेलवे और राजस्व विभाग की टीम तैयार की गई थी। दोनों पक्षों की ओर से सीमांकन कराना के बाद राजस्व विभाग ने रिपोर्ट तैयार की है। इसमें जमीन निगम की निकली है। नापजोख करते हुए 22 व्यापारियों को उनकी जमीन वापस की गई। इसके साथ ही रेलवे द्वारा गड़ाए गए खंभों को हटाया गया है। रेलवे की आपत्ति जायज नहीं है। अधिकारियों से बात करते हुए हल निकाला जाएगा।

**- खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, ननि

**सुबह 8 बजे पहुंचा प्राइवेट का एडमिट कार्ड**

# 9 बजे से 12 वीं के 26 बच्चों ने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- आत्मानंद तिलक नगर स्कूल का मामला

आत्मानंद तिलक नगर स्कूल के 26 बच्चों ने 12 वीं बोर्ड की परीक्षा बतौर प्राइवेट के तौर पर दी है। इन बच्चों को कम उपस्थिति को लेकर पहले परीक्षा से वंचित कर दिया गया था। बाद में इन बच्चों को प्राइवेट के तौर पर मान्य किया गया। इन बच्चों के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल ने नया प्रवेश पत्र भी जारी किया। इन बच्चों का यह एडमिट कार्ड संभागीय मुख्यालय से आनन फानन में शनिवार सुबह अधिकारी लेकर स्कूल पहुंचे। स्कूल के सामने खड़े बच्चों को प्रवेश पत्र देने के बाद इन परीक्षा हाल में जाने दिया गया। इससे पहले तक बच्चों और अभिभावकों को काफी तनाव था। मौके पर व्यवस्था संभालने के लिए शिक्षा विभाग और प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद थे।

गौरतलब है कि आत्मानंद तिलक नगर स्कूल के 36 बच्चों की कम उपस्थिति थी। इसमें बारहवीं साइंस के 26 बच्चे तो 10 वीं क्लास के 10 बच्चे शामिल हैं। इनको परीक्षा से वंचित करने का फैसला परीक्षा से एक दिन पहले लिया गया तो हंगामा मच गया। अभिभावकों ने कलेक्टोरेट से लेकर शिक्षा विभाग और माध्यमिक शिक्षा मंडल के आफिस तक घेराव किया। आनन फानन में शिक्षा विभाग ने रायपुर मंत्रालय में पत्राचार किया और सहायक संचालक को भेजा गया। बच्चों के भविष्य को देखते हुए माशिमं ने सभी 36 बच्चों को प्राइवेट परीक्षार्थी के तौर पर परीक्षा में बैठने की अनुमति दी है। इस बारे में जिला शिक्षा अधिकारी अनिल तिवारी ने बताया कि इस मामले में शिक्षा विभाग अपनी ओर से पूरा प्रयास कर रहा है। प्रतिवेदन भी माध्यमिक शिक्षा मंडल को भेजा गया है।

### नोटिस जारी

बच्चों के भविष्य को देखते हुए माशिमं ने फिलहाल सभी 36 बच्चों को प्राइवेट परीक्षार्थी के तौर पर परीक्षा में बैठने की अनुमति दी है। लापरवाही के मामले में सेजेस तिलकनगर स्कूल के प्राचार्य और परीक्षा प्रभारी को नोटिस जारी किया गया है। इस पूरे मामले में इन दोनों अधिकारियों से साफ तौर पर चूक हुई है।

- अनिल तिवारी
जिला शिक्षा अधिकारी

## फर्जी दस्तावेज से बेच दी पुश्तैनी जमीन, 4 के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- राजस्व विभाग के कर्मचारियों पर मिलीभगत का आरोप



फर्जी दस्तावेज से एक व्यक्ति की पुश्तैनी जमीन बेच दी गई, पुलिस ने मामले में 4 लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सकरी पुलिस के अनुसार, उसलापुर निवासी संतकुमार नेताम ने रिपोर्ट लिखाई कि उनकी पैतृक 1 एकड़ 63 डिस्मिल जमीन अमेरी में है। 2021 तक उक्त भूमि राजस्व रिकार्ड में उनके व परिवार के सदस्यों के नाम पर दर्ज थी। इसमें उनके परिवार के सदस्य भी हिस्सेदार हैं। उन्होंने आरोप लगाया है उसलापुर निवासी हीरालाल नेताम, सियाराम नेताम, हीराबाई, मीना बाई ने षड़यंत्रपूर्वक फर्जी दस्तावेज तैयार कर उक्त जमीन का फौती नामांतरण करा लिया और जमीन को बेच दिया है। पुश्तैनी जमीन की बिक्री होने की जानकारी होने पर उन्होंने आम सूचना प्रकाशित कराई। इसके बावजूद चारों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई। इस पर श्री नेताम ने थाने में रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर चारों के खिलाफ धारा 120 बी, 420, 467, 468, 471 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। श्री नेताम ने राजस्व विभाग के कर्मचारियों पर मिलीभगत से फर्जी नामांतरण का आरोप लगाया है।

## शादी नहीं करने पर युवती के घर चाकू लेकर पहुंचा युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सगाई के बाद शादी नहीं करने पर युवक ने युवती के घर जाकर गाली गलौज करते हुए चाकू लहराकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सकरी क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने थाने में रिपोर्ट लिखाई है कि पूर्व में उनका लालखदान निवासी विकास नवरंगे से सगाई हुई थी। उसके बाद युवती ने उससे शादी करने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर 28 फरवरी को शाम 4 बजे विकास नवरंगे उनके घर के पास आकर गाली गलौज कर रहा था और कहने लगा शादी नहीं करोगी तो जान से मार दूंगा कहकर चाकू लहरा रहा था। उसके बाद चाकू से हमला करने की कोशिश की। जिससे उनका परिवार घर में घूसकर अपनी जान बचाई। पुलिस ने युवती की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ 25, 27 आर्म्स एक्ट व बीएनएस की धारा 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### चोरी करने वाले आदतन बदमाश सहित 2 गिरफ्तार

मंदिर में चोरी करने वाले आदतन बदमाश सहित दो युवकों को पकड़कर चोरी का सामान जब्त कर लिया गया है। वहीं दोनों आरोपी युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सीपत टीआई गोपाल सतपथी ने बताया, पिछले कुछ दिनों से सीपत क्षेत्र के मंदिरों से पीतल का नाग सांप, लोटा, घंटी, त्रिशूल, बाल्टी एवं अन्य सामान की चोरी हो रही थी। 28 फरवरी को कर्रवाई निवासी कुंजराम पटेल ने रिपोर्ट लिखवाई कि बंधवा तालाब के पास शिव मंदिर से तांबे का सांप, कलश, त्रिशूल चोरी कर लिया गया है। पुलिस अपराध कायम कर चोरों के पतासाजी में जुट गई थी। मुखबिर की सूचना पर निगरानी बदमाश गुड़ी निवासी अमन साहू पिता रामेश्वर साहू 22 साल व अर्जून देवार पिता अभिमन्यू देवार 18 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर दोनों ने मंदिरों से पीतल का सामान चोरी करना स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से तांबे का सांप, त्रिशूल सहित अन्य सामान बरामद कर लिया है।

### नागपुर में पुलिस अभिरक्षा से भागा आरोपी, तलाश जारी

शादी करने का झांसा देकर शहर की एक होटल में महिला स्टेशन मास्टर से अनाचार कर शादी करने से इनकार करने वाले रेलकर्मी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। तीन सदस्यीय पुलिस टीम नागपुर में दबिश देकर रेलकर्मी को पकड़ लिया था। आरोपी पुलिस को चकमा देकर भाग गया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, शुक्रवार को रायगढ़ क्षेत्र की महिला स्टेशन मास्टर ने रिपोर्ट लिखाई उनका नागपुर निवासी स्टेशन मास्टर वाकोडिकर अनमोल घनश्याम से परिचय हुआ। दोनों आपस में बातचीत करते थे और दोनों में प्रेम संबंध हो गया। इसी दौरान वाकोडिकर ने उन्हें मिलने के लिए बिलासपुर बुलाया। दोनों सीएमडी चौक स्थित एक निजी होटल में रूके। वाकोडिकर ने उन्हें शादी करने का आश्वासन देकर शारीरिक संबंध बनाया। महिला ने शादी करने का दबाव बनाया तो आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर वाकोडिकर अनमोल घनश्याम के खिलाफ धारा 376 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। टीआई कृष्णचंद सिदार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तीन पुलिसकर्मियों को स्टेशन मास्टर को पकड़ने के लिए नागपुर भेजा।

न्यूरो-यूरो केयर
NEURO - URO CARE
सुपरस्पेशलिटी क्लीनिक
डॉ. नीलम साहू पुरी
सलाहकार न्यूरोलॉजिस्ट
एम.बी.बी.एस., एम.डी.
डी.आर.एन.बी. न्यूरोलॉजी
इंद्रप्रस्थ, अपोलो अस्पताल, नई दिल्ली
डॉ. अंकुश पुरी
सलाहकार यूरोसर्जन एम.बी.बी.एस.,
एम.एस. जनरल सर्जरी (गोल्ड मेडलिस्ट)
डी.आर.एन.बी. यूरोलॉजी (एमपीयूएच नाडियाड)
पूर्व सलाहकार, अपोलो अस्पताल, बिलासपुर
उपलब्ध सुविधाएं
• ब्रेन स्ट्रोक, ब्रेन हेमरेज, लकवा (Paralysis)
• सिर दर्द, माइग्रेन, दिमागी बुखार व दिमागी टी.वी.
• कमर व गर्दन का दर्द (डिस्क) सायटिका
• नसों की समस्या, शरीर में झनझनाहट और सुन्नपन
• डिप्रेशन/अवसाद व्यवहार में बदलाव
• मानसिक तनाव/नींद की परेशानी
• पार्किसन, याद्दाश्त की कमजोरी
• गुर्दा, मूत्रनली एवं पेशाब क थैली में पथरी
• गुर्दा प्रोस्टेट व पेशाब की थैली का कैंसर
• प्रोस्टेट का बढ़ना (BPH)
• पेशाब का कंट्रोल न होना व बार बार जाना
• पेशाब में खून व मवाद आना
• पेशाब में जलन व रुकावट (युरेथ्रल स्ट्रीक्चर)
• यौन समस्याएं (नपुंसकता, शीघ्रपतन, धात सिंड्रोम)
ग्राउण्ड फ्लोर, अंबे अंजनी ई प्लाजा, तारबाहर रोड, सीएमडी चौक के पास, अपोलो सिटी के बाजू में, बिलासपुर (छ.ग.) मो. 9098802743
AdPRAYAS

### छात्रा से 1 लाख 10 हजार की आनलाइन ठगी

**बिलासपुर।** कोतवाली टीआई विवेक पाण्डेय ने बताया, बलौदाबाजार जिले की रहने वाली प्रतिभा महंत जूना बिलासपुर में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रही हैं। उनके मोबाइल में एक लिंक भेजकर मुनाफा कमाने की बात कही गई। उन्हें कहा गया लिंक सर्च कर गूगल रिव्यू डालने पर मुनाफा मिलेगा। उन्होंने अलग अलग किश्तों में उनके बताए गए बैंक खाते में 1 लाख 10 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिया। मुनाफा की राशि मांगने पर वे गोलमोल जवाब देकर घुमाने लगे। छात्रा ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यकता हैं
हरिभूमि कार्यालय में रात्रिकालीन कार्य करने के लिये चपरासी की आवश्यकता है।
इच्छुक युवक आवेदन पत्र के साथ संपर्क करें:-
हरिभूमि
रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छ.ग.)
9826850099

### युवक से मारपीट कर गोली मारने की धमकी

**बिलासपुर।** क्लब में स्नूकर खेलने के दौरान एक युवक से मारपीट कर गोली मारने की धमकी देने वाले तीन युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, गुरूवार की रात देवरीखुर्द निवासी सुमन निषाद कैफे एरेना क्लब में स्नूकर खेल रहे थे। रात साढ़े 11 बजे दयालबंद निवासी अविनाश सोनकर उर्फ दद्दू, अरूण राय, राजा बंगाली आए और उनके साथ गाली गलौज करने लगे।

सुमन ने गाली देने से मना किया तो तीनों ने मारपीट करना शुरू कर दी और दद्दू सोनकर ने गोली मार देने की धमकी दी। शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित युवक ने एसपी से शिकायत की। उसके बाद शनिवार को तोरवा पुलिस ने सुमन निषाद की रिपोर्ट पर हमलावर अविनाश सोनकर उर्फ दद्दू, अरूण राय, राजा बंगाली के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351, 2, 115, 2, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी.मढ़रिया डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया को-डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
● OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन: 07752-402070, 228277, मो.: 9826190123, 9669979123

स्वामी जी 93406-38884
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक: 21 मार्च 2025, 02 अप्रैल 2025, 11 अप्रैल 2025, 09 मई 2025, 23 मई 2025, 06 जून 2025
10 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
19 मार्च से 29 मार्च 2025, 09 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025, 07 मई से 17 मई 2025, 04 जून से 14 जून 2025
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि:-स्लीपर-15500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411